वर्ष 15
अंक 153
12 पृष्ठ
मूल्य 5 रुपये

**शनिवार, 13 अगस्त 2022**
कोलकाता, चंडीगढ़, **नई दिल्ली**, भोपाल, मुंबई और लखनऊ से प्रकाशित।

भारत का पहला संपूर्ण हिंदी आर्थिक अखबार www.bshindi.com

# बिज़नेस स्टैंडर्ड





पृष्ठ 2
**कारों की बिक्री ने पकड़ी रफ्तार**

पृष्ठ 4
**स्वतंत्रता दिवस पर शानदार बिक्री की आस**

डॉलर रु. 79.70 ▲ 10 पैसे | यूरो रु. 82 ▼ 30 पैसे | सोना (10 ग्राम) रु. 52251 ▲ 01 रु. | सेंसेक्स 59462.80 ▲ 130.20 | निफ्टी 17698.20 ▲ 39.20 | निफ्टी फ्यूचर्स 17713.10 ▲ 14.90 | ब्रेंट क्रूड 100.20 ▼ 1.20 डॉलर

## एक नज़र

### निर्यात 2.14 फीसदी बढ़ा व्यापार घाटा तिगुना

देश का निर्यात जुलाई में 2.14 फीसदी बढ़कर 36.27 अरब डॉलर रहा। व्यापार घाटा इसी महीने में लगभग तीन गुना होकर 30 अरब डॉलर पहुंच गया। शुक्रवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार आयात जुलाई महीने में सालाना आधार पर 43.61 फीसदी बढ़कर 66.27 अरब डॉलर रहा। व्यापार घाटा जुलाई 2021 में 10.63 अरब डॉलर था। इस महीने की शुरुआत में जारी प्रारंभिक आंकड़ों के अनुसार जुलाई में निर्यात 0.76 फीसदी घटकर 35.24 अरब डॉलर रहने का अनुमान लगाया गया था। जुलाई 2021 में यह 35.51 अरब डॉलर था।

### निजी उपयोग पर मकान किराये पर जीएसटी नहीं

सरकार ने शुक्रवार को कहा कि यदि आवासीय परिसरों को निजी इस्तेमाल के लिए निजी व्यक्तियों को किराये पर दिया गया है, तो उस पर जीएसटी लागू नहीं होगा। सरकार ने उन मीडिया रिपोर्टों को खारिज कर दिया, जिनमें दावा किया गया था कि किरायेदारों द्वारा दिए गए घर के किराये पर 18 फीसदी जीएसटी (वस्तु एवं सेवा कर) लगेगा। सरकार ने एक ट्वीट में कहा कि जीएसटी तभी लगाया जाएगा, जब आवासीय परिसर किसी व्यावसायिक इकाई को किराये पर दिया जाएगा।

### पेंशन योजना में यूपीआई से भी कर पाएंगे अंशदान

पेंशन कोष नियामक पीएफआरडीए की दो पेंशन योजनाओं के अंशधारक अब यूपीआई से भी अपना अंशदान कर पाएंगे। पेंशन कोष नियामक एवं विकास प्राधिकरण ने कहा कि अभी तक राष्ट्रीय पेंशन व्यवस्था और अटल पेंशन योजना के खाताधारक नेटबैंकिंग से अंशदान भेज सकते थे। लेकिन अब इसका दायरा बढ़ा दिया गया है।

# महंगाई नरम, आईआईपी कम

## जुलाई में खुदरा मुद्रास्फीति 6.71 फीसदी रही, जून में आईआईपी वृद्धि घटी

**अरूप रायचौधरी और इंदिवजल धस्माना**
नई दिल्ली, 12 अगस्त

वैश्विक जिंसों के दाम में नरमी आने और देश में खाद्य पदार्थों के दाम घटने से जुलाई में खुदरा मुद्रास्फीति पांच महीने के निचले स्तर पर आ गई। लेकिन यह अब भी मौद्रिक नीति समिति के मध्यम अवधि के लक्ष्य से ऊपर बनी हुई है। इससे लगता है कि दरों में बढ़ोतरी का भारतीय रिजर्व बैंक का कदम सही था।

हालांकि मुद्रास्फीति के आंकड़े सुकून देने वाले हैं लेकिन औद्योगिक उत्पादन में बढ़ोतरी पहले से कम रहना मायूसी भरा रहा। औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) जून में घटकर 12.3 फीसदी रह गया, जबकि मई में यह 12 महीने के उच्च स्तर 19.6 फीसदी पर था। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय से आज जारी आंकड़ों के मुताबिक खुदरा मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति जुलाई में 6.71 फीसदी रही जो जून में 7.01 फीसदी थी। उपभोक्ता खाद्य कीमतों का सूचकांक जून के 7.75 फीसदी से घटकर जुलाई में 675 फीसदी रह गया। केयर रेटिंग्स की मुख्य अर्थशास्त्री रजनी सिन्हा ने कहा, 'खुदरा मुद्रास्फीति में लगातार तीसरे महीने कमी आना दर्शाता है कि मुद्रास्फीति का दबाव घट रहा है। महंगाई के बारे में परिवारों का अनुमान भी कम होता दिखा है, जिससे पता चलता है कि मुद्रास्फीति काबू में करने के रिजर्व बैंक और सरकार के प्रयास रंग दिखा रहे हैं।'

सब्जियों की मुद्रास्फीति जुलाई में 10.0 फीसदी रही जो जून में 17.37 फीसदी थी। खाद्य तेलों की महंगाई दर भी जून की 9.36 फीसदी से घटकर जुलाई में 7.52 फीसदी रह गई। मांस-मछली की मुद्रास्फीति दर भी 8.61 फीसदी से कम होकर जुलाई में 3 फीसदी रह गई।

### थोड़ी राहत, थोड़ी चिंता

- खुदरा महंगाई पांच महीने के निचले स्तर पर आई मगर अब भी आरबीआई के लक्ष्य से ऊपर बनी हुई है
- वैश्विक जिंसों और घरेलू बाजार में खाद्य पदार्थों के दाम घटने से महंगाई में आई कमी
- आरबीआई और सरकार के प्रयास का भी दिख रहा असर
- विशेषज्ञों ने कहा कि आरबीआई रीपो दर में एक बार और कर सकता है इजाफा
- आईआईपी जून में घटकर 12.3 फीसदी रह गया जबकि मई में यह 19.6 फीसदी पर था



लेकिन ईंधन और बिजली की मुद्रास्फीति जुलाई में 11.76 फीसदी रही, जो जून में 10.39 फीसदी थी। विकसित अर्थव्यवस्थाओं में मंदी के डर से वैश्विक जिंसों के दाम घट रहे हैं, जिससे ईंधन के दाम में भी नरमी आने की उम्मीद है।

बार्कलेज में भारत के मुख्य अर्थशास्त्री राहुल बाजोरिया ने कहा, 'वैश्विक स्तर पर जिंसों की कीमतों में कमी से कई आयातित चीजों के दाम भी जुलाई में घटे हैं। मुद्रास्फीति के ताजा आंकड़ों से संकेत मिलता है कि देश में मुद्रास्फीति चरम पर पहंच चकी है और आने वाले महीनों में इसमें नरमी आएगी।'

इधर विश्लेषक मान रहे हैं कि मौद्रिक नीति समिति दर में एक बार और इजाफा कर सकती है। इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा, 'मौद्रिक नीति समिति मुद्रास्फीति पर ध्यान दे रही है और आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने भी कहा था कि मुद्रास्फीति मध्यम अवधि में 4 फीसदी के लक्ष्य के करीब आएगी। ऐसे में उम्मीद है कि सितंबर में रीपो दर में 10 से 35 आधार अंक का और इजाफा हो सकता है। इसके बाद मौद्रिक नीति समिति का रुख आंकड़ों पर निर्भर करेगा।'

आईआईपी की बात करें तो सामान्य होते आधार प्रभाव के कारण जून में सालाना आधार पर उद्योगों की वृद्धि में कमी आई है। मगर पूंजीगत वस्तुओं के अलावा अन्य सभी क्षेत्रों का उत्पादन मई की तुलना में बढ़ा है।

# बजाज हिंदुस्तान का मामला एनसीएलटी में

**अभिजित लेले, देव चटर्जी और संजीव मुखर्जी**
मुंबई/नई दिल्ली, 12 अगस्त



### फंसे कर्ज का मामला

- बकाया भुगतान नहीं करने पर एसबीआई ने बजाज हिंदुस्तान के खिलाफ आईबीसी के तहत दायर की याचिका
- कंपनी पर भारतीय बैंकों के 4,771 करोड़ रुपये बकाया
- दो बार कर्ज पुनर्गठन कराने के बाद भी नहीं चुकाया बकाया

**देश** के सबसे बड़े ऋणदाता भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने ऋणशोधन अक्षमता एवं दिवालिया संहित (आईबीसी) के तहत बजाज हिंदुस्तान शुगर के खिलाफ राष्ट्रीय कंपनी विधि पंचाट (एनसीएलटी) ले गया है। बजाज हिंदुस्तान शुगर द्वारा बकाया नहीं चुकाए जाने के बाद बैंक ने एनसीएलटी के इलाहाबाद पीठ में याचिका दायर की है। बैंकिंग सूत्रों के मुताबिक उसकी याचिका अभी स्वीकार नहीं हुई है।

बजाज हिंदुस्तान शुगर पर भारतीय बैंकों के 4,771 करोड़ रुपये बकाया हैं और कंपनी दो बार कर्ज पुनर्गठन योजना का लाभ उठा चुकी है, जिससे बैंकों को भारी नुकसान उठाना पड़ा था। फिर भी बकाया नहीं चुकाया गया है। स्टेट बैंक के अधिकारियों ने कहा कि संकट से जूझ रही इस कंपनी को वाजिब पेशकश लानी होगी और बैंक को पेशकश सही लगी तो याचिका वापस ली जा सकती है क्योंकि एनसीएलटी ने अभी याचिका स्वीकार नहीं की है। बजाज हिंदुस्तान में प्रवर्तकों की हिस्सेदारी 24.95 फीसदी है और किसी भी प्रस्ताव पर विचार करने के लिए उन्हें 1,500 करोड़ रुपये जुटाने होंगे।

जुलाई 2022 तक कंपनी पर गन्ना किसानों का 2,900 करोड़ रुपये का बकाया था, जो समूचे उत्तर प्रदेश के गन्ना किसानों के बकाये का करीब 44 फीसदी है।

(शेष पृष्ठ 2 पर)

### आज का सवाल

**क्या महंगाई में कमी के मद्देनजर दर बढ़ोतरी थाम सकता है आरबीआई**

**www.bshindi.com पर राय भेजें।**
आप अपना जवाब एसएमएस भी कर सकते हैं। यदि आपका जवाब हां है तो **Y** और यदि न है तो **N** लिखकर **57007** पर भेजें।

**पिछले सवाल का नतीजा**
क्या मुफ्त सुविधाओं पर लगनी चाहिए रोक?

| हां | नहीं |
|---|---|
| 75% | 25% |

### व्यापार गोष्ठी



**आजादी के 75 साल: आर्थिक उपलब्धियां और चुनौतियां**

अपनी राय पूरे पते के साथ हमें इस पते पर भेजें:
बिज़नेस स्टैंडर्ड, नेहरू हाऊस, 4 बहादुरशाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002 फैक्स नंबर – 011-23720201 या फिर ई-मेल करें **goshthi@bsmail.in**

अपने विचार आप हमें **www.bshindi.com** पर भी भेज सकते हैं

# एलआईसी का लाभ कई गुना बढ़कर 683 करोड़ रुपये रहा

**भाषा**
मुंबई, 12 अगस्त




**भारतीय** जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में शुद्ध लाभ कई गुना बढ़कर 682.89 करोड़ रुपये पर पंहुच गया। हाल ही में सूचीबद्ध होने वाली सार्वजानिक क्षेत्र की बीमा कंपनी ने कहा कि इससे पिछले वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में उसका शुद्ध लाभ 2.94 करोड़ रुपये था। एलआईसी ने निदेशक मंडल की बैठक के बाद स्टॉक एक्सचेंज को बताया कि नई पॉलिसी से उसकी प्रीमियम आय भी आलोच्य तिमाही में बढ़कर 7,429 करोड़ रुपये हो गई। एक साल पहले इसी तिमाही में यह 5,088 करोड़ रुपये थी। इसके अलावा कंपनी की कुल आय चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में बढ़कर 1,68,881 करोड़ रुपये पर पहुंच गई। इससे पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में यह 1,54,153 करोड़ रुपये थी।

कंपनी ने कहा कि बीते वित्त वर्ष की मार्च तिमाही की तुलना में कंपनी का प्रदर्शन सभी क्षेत्रों में घटा है। एलआईसी ने मार्च 2022 को समाप्त तिमाही में 2,371 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था तथा इस दौरान उसकी नयी पॉलिसी से प्रीमियम आय 14,614 करोड़ रुपये और कुल आय 2,11,451 करोड़ रुपये थी। इस बीच बीएसई में एलआईसी का शेयर 0.03 फीसदी घटकर 682.15 रुपये पर बंद हुआ।

# प्रॉक्सी फर्मों ने की शर्मा को हटाने की मांग

**समी मोडक और शिवानी शिंदे**
मुंबई, 12 अगस्त




- स्टेकहोल्डर्स एम्पावरमेंट सर्विसेज और इनगवर्न रिसर्च ने सार्वजनिक शेयरधारकों से प्रस्ताव खारिज करने की अपील की
- इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर एडवाइजरी सर्विसेज ने एक दिन पहले प्रस्ताव के खिलाफ मत देने की सिफारिश की थी
- इनगवर्न को इस बात पर आपत्ति है कि शर्मा निदेशक पद से रिटायर नहीं होंगे और शेयर भाव गिरने की जिम्मेदारी भी उनकी नहीं है

**विजय** शेखर शर्मा को दोबारा पेटीएम का मुख्य कार्याधिकारी (सीईओ) और प्रबंध निदेशक (एमडी) बनाए जाने के प्रस्ताव के खिलाफ दो और प्रॉक्सी एडवाइजरी खड़ी हो गई हैं। इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर एडवाइजरी सर्विसेज (आईआईएएस) ने इसी हफ्ते इसकी सिफारिश की थी और अब स्टेकहोल्डर्स एम्पावरमेंट सर्विसेज (एसईएस) और इनगवर्न रिसर्च सर्विसेज ने सार्वजनिक शेयरधारकों से प्रस्ताव खारिज करने की सिफारिश की है। दिलचस्प है कि तीनों ने शर्मा हो हटाने के अलग-अलग कारण बताए हैं।

इनगवर्न को इस बात पर आपत्ति है कि शर्मा को निदेशक पद से सेवानिवृत्त नहीं किया जा सकता और शेयर का भाव गिरने के लिए वह जिम्मेदार नहीं हैं। इनगवर्न के संस्थापक और प्रबंध निदेशक श्रीराम सुब्रमण्यन ने कहा, 'शर्मा निदेशक के रूप में अपनी बारी आने पर रिटायर नहीं हो सकते। हमें यह बड़ी समस्या लगती है। जहां तक शेयर प्रदर्शन का सवाल है तो पेटीएम कोई अनोखा मामला नहीं है। नए दौर की सभी कंपनियों के शेयर लुढ़के हैं। बाकी भी लाभ में नहीं हैं। म्युचुअल फंड और बीमा कंपनियां अब भी यह समझने की कोशिश कर रही हैं कि ये कंपनियां कैसे और कब लाभ में आएंगी। यह बात आईपीओ के समय भी पता थी।' पेटीएम ही नहीं जोमैटो, पॉलिसी बाजार और नायिका जैसी स्टार्टअप के शेयर भी अपने सबसे ऊंचे स्तरों से काफी नीचे हैं। स्टेकहोल्डर्स एम्पावरमेंट सर्विसेज (एसईएस) को इस बात पर आपत्ति है कि शर्मा के पास चेयरमैन और एमडी दोनों का पद है तथा उनके वेतन-भत्ते भी बहुत ज्यादा हैं। इसने एक नोट में कहा, 'हालांकि कंपनी के चेयरमैन पर कार्याधिकारी का पद नहीं रखने की बंदिश नहीं है। लेकिन एसईएस मानती है कि कंपनी को दोनों पद अलग-अलग करने चाहिए क्योंकि दोनों पदों को एक करने से तमाम अधिकार एक ही व्यक्ति के हाथ मे आ सकते हैं।'

पेटीएम की 2019 की ईसॉप योजना के तहत शर्मा को शेयर भाव से भी कम कीमत पर करीब 46 फीसदी ईसॉप्स मिले हैं। पेटीएम का शेयर आज 4.7 फीसदी गिरकर 787 रुपये पर बंद हुआ। वोट सलाहकार कंपनी ने कहा, 'विकल्प 9 रुपये प्रति विकल्प के हिसाब से दिए जाते हैं। ऐसे में शर्मा का आर्थिक लाभ करीब 1,962 करोड़ रुपये होगा...एसईएस का मानना है कि किसी निदेशक के प्रदर्शन के लिए बेंचमार्क व्यक्तिगत प्रदर्शन का लक्ष्य और कंपनी का समग्र प्रदर्शन होना चाहिए।'

आईआईएएस ने कहा है, 'कंपनी की सूचीबद्धता के बाद इसके शेयर 63.3 फीसदी लुढ़क चुकी है। वित्त वर्ष 2022 में कंपनी को 1,200 करोड़ रुपये का नकदी नुकसान हुआ है और वित्त वर्ष 2023 की पहली तिमाही में नुकसान अधिक रहा है। शर्मा ने अतीत में कंपनी को लाभ में लाने के कई वादे किए हैं लेकिन ये पूरे नहीं हुए हैं। बोर्ड को प्रबंधन को पेशेवर बनाने के बारे में विचार करना चाहिए।' यह एक विरला मामला है, जिसमें वोटिंग एडवाइजरी फर्मों ने शेयरधारकों से एमडी और सीईओ को हटाने के लिए वोट देने को कहा है। करीब सात साल पहले आईआईएएस ने सुजलॉन के एमडी और सीईओ तुलसी तांती के प्रदर्शन पर सवाल उठने के बाद उनकी दोबारा नियुक्ति से संबंधित प्रस्ताव के खिलाफ मत देने की सिफारिश की थी।

**LIC** भारतीय जीवन बीमा निगम LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA

**LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA**
**Central Office: Yogakshema, Jeevan Bima Marg, Mumbai - 400021**
(IRDAI Reg. No. 512 dated 01.01.2001)

**CONSOLIDATED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER ENDED 30TH JUNE, 2022 (IN RESPECT OF TOTAL BUSINESS)**

(₹in lakh)

| Sr. No. | Particulars | Three months ended as at | | | Year Ended as at |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 30-Jun-22 | 31-Mar-22 | 30-Jun-21 | 31-Mar-22 |
| | | Unaudited | Audited | Unaudited | Audited |
| 1 | Premium Income (Gross)[1] | 98,94,067.63 | 1,44,38,685.22 | 82,49,292.22 | 4,30,11,680.72 |
| 2 | Net Profit / (Loss) for the period (before Tax, Exceptional and / or Extraordinary items) | 63,123.07 | 2,39,556.80 | 2,708.23 | 4,16,457.82 |
| 3 | Net Profit / (Loss) for the period before tax (after Exceptional and /or Extraordinary items)[2] | 63,123.07 | 2,39,556.80 | 2,708.23 | 4,16,457.82 |
| 4 | Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Exceptional and / or Extraordinary items) | 60,278.68 | 2,40,939.65 | 2,436.62 | 4,12,470.82 |
| 5 | Equity Share Capital (Paid-up) | 6,32,499.77 | 6,32,499.77 | 10,000.00 | 6,32,499.77 |
| 6 | Reserves (excluding Revaluation Reserve and fair value change account) | 5,59,021.13 | 4,91,857.45 | 6,75,420.15 | 4,91,857.45 |
| 7 | Earnings Per Share (Face value of ₹10 each) (for continuing and discontinued operations)- | | | | |
| | 1. Basic: (not annualised for three months) (in ₹) | 0.95 | 3.81 | 0.04 | 6.52 |
| | 2. Diluted: (not annualised for three months) (in ₹) | 0.95 | 3.81 | 0.04 | 6.52 |

**Key number of Standalone Results of the Corporation are as under:**

| Sr. No. | Particulars | Three months ended as at | | | Year Ended as at |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 30-Jun-22 | 31-Mar-22 | 30-Jun-21 | 31-Mar-22 |
| | | Unaudited | Audited | Unaudited | Audited |
| 1 | Premium Income (Gross)[1] | 98,48,585.12 | 1,43,97,031.38 | 81,83,699.92 | 4,28,02,497.15 |
| 2 | Profit before tax | 70,442.39 | 2,35,349.48 | 452.35 | 4,06,671.92 |
| 3 | Profit after tax | 68,288.90 | 2,37,155.20 | 294.28 | 4,04,312.11 |

**Notes:**
1. Premium income is gross of reinsurance and net of Goods & Service Tax.
2. Net Profit / (Loss) before tax, for the period is Profit before tax as appearing in Profit and Loss Account (Shareholders' account)
3. The above figures is an extract of the detailed format of Quarterly/ Annual Financial Results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligation and other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly/ Annual Financial Results are available on the Stock Exchange websites (**www.nseindia.com** and **www.bseindia.com**) and the Corporation's website (**www.licindia.in**)
4. The figures of quarter ended March 31, 2022 as reported in these financial results are the balancing figures between audited figures in respect of full financial year and published audited year-to-date figures upto the end of the third quarter of the relevant financial year.
5. The New Indian Accounting Standards (Ind AS) are currently not applicable to insurance industry in India.
6. Pursuant to amendment in LIC Act, 1956 and to comply with the listing requirements, the six months policy liabilities and the nine months policy liabilities for the period ended 30th September 2021 and 31st December 2021 respectively were first ascertained in the previous financial year 2021-2022. In previous financial years the Corporation was ascertaining the policy liability annually as on 31st March every year (until Financial Year 2020-2021). Consequently, no Surplus has been assessed in the Revenue Account and is included in "Change in Valuation of Liability in respect of Life Policies" for the quarter ended 30th June 2021 and hence corresponding period financial results for the quarter ended 30th June 2021 are not comparable with current financial results.
7. The consolidated financial statements have been prepared w.e.f. quarter ended on 30th September 2021 in pursuance to the amendment in the Life Insurance Corporation Act, 1956 and to comply with the listing requirements. As such, the consolidated financial statements for the quarter ended 30th June 2021 have been prepared in order to make them comparable with current financial results and the same are not reviewed or audited.

**For and on behalf of the Board of Directors**

**Mumbai**
**August 12, 2022**

**Raj Kumar**
**Managing Director**

## संक्षेप में

### डाबर इंडिया के नए चेयरमैन होंगे मोहित बर्मन

डाबर इंडिया के निदेशक मंडल ने कंपनी के चेयरमैन अमित बर्मन का इस्तीफा स्वीकार कर लिया, जो 10 अगस्त से प्रभावी हुआ। बोर्ड ने मोहित बर्मन को पांच साल के लिए कंपनी का गैर-कार्यकारी चेयरमैन नियुक्त किया है, जो 11 अगस्त से प्रभावी हुआ। वह कंपनी के गैर-कार्यकारी वाइस चेयरमैन थे। बोर्ड ने साकेत बर्मन को निदेशक मंडल में गैर-कार्यकारी वाइस चेयरमैन नियुक्त किया है, जो पांच साल के लिए है और यह 11 अगस्त से प्रभावी हुआ। *बीएस*

### गोल्डन लाइफ एग्रो की दो संपत्तियों की नीलामी

बाजार नियामक सेबी ने शुक्रवार को कहा कि वह गोल्डन लाइफ एग्रो इंडिया लिमिटेड से निवेशकों के पैसे की वसूली के लिए उसकी दो संपत्तियों की आठ सितंबर को नीलामी करेगा। सेबी ने एक नोटिस में कहा कि नीलामी के लिए रखी गई ये दोनों संपत्तियां पश्चिम बंगाल में स्थित हैं। इनमें से एक भूखंड है जबकि दूसरी संपत्ति एक दोमंजिली इमारत है। सेबी ने इन संपत्तियों के लिए सम्मिलित आरक्षित मूल्य आठ करोड़ रुपये रखा है। इनकी बिक्री के लिए आठ सितंबर को ऑनलाइन बोलियां लगाई जा सकेंगी। *भाषा*

### सोना 90 रुपये, चांदी 374 रुपये कमजोर

वैश्विक बाजारों में नरम रुख के बीच दिल्ली सराफा बाजार में शुक्रवार को सोना 90 रुपया गिरकर 52,915 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में पीली धातु का भाव 53,005 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा था। इस दौरान चांदी की कीमत भी 374 रुपये के नुकसान के साथ 59,166 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई। *भाषा*

# वाहन बिक्री ने पकड़ी रफ्तार

## चिप किल्लत में कमी आने और उत्पादन सुधरने से यात्री वाहन बिक्री में तेजी आई है

शैली सेठ मोहिले
मुंबई, 12 अगस्त

**वाहन बिक्री पर एक नजर**

| सेगमेंट | जुलाई, 2021 | जुलाई, 2022 | सालाना बदलाव% |
|---|---|---|---|
| यात्री कारें | 130,080 | 143,522 | 10.3 |
| वैन | 10,305 | 13,239 | 22.16 |
| यूटिलिटी वाहन | 124,057 | 137,104 | 10.51 |
| कुल यात्री वाहन | 264,442 | 293,865 | 11 |
| तिपहिया वाहन | 18,132 | 31,324 | 22.16 |
| दोपहिया वाहन | 1,260,140 | 1,381,303 | 9.6 |
| कुल | 1,542,714 | 1,706,492 | 10.6 |

स्रोत: सायम



सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सायम) ने शुक्रवार को अपनी मासिक बिक्री संबंधित विज्ञप्ति में कहा कि जुलाई में घरेलू बाजार में सभी श्रेणियों के लिए वाहनों की ढुलाई सालाना आधार पर 10 प्रतिशत बढ़ी।

भारत में वाहन कंपनियां डीलरों के लिए वाहन ढुलाई की गणना बिक्री के तौर पर करती हैं। कुल बिक्री कारों, वैन और यूटिलिटी वाहनों समेत यात्री वाहनों की मजबूत लोकप्रियता के साथ तेजी से बढ़ी। सेमीकंडक्टर की उपलब्धता में सुधार आने से यात्री वाहन (पीवी) निर्माताओं को उत्पादन बढ़ाने में मदद मिली। महीने के दौरान पीवी बिक्री एक साल पहले के 264,442 से 11 प्रतिशत बढ़कर 293,865 वाहन पर पहुंच गई, क्योंकि उत्पादन भी 333,369 वाहन से बढ़कर 358,888 हो गया।

बिक्री के मौजूदा आंकड़े में टाटा मोटर्स की बिक्री शामिल नहीं है, जो क्रम के आधार पर तीसरी सबसे बड़ी कंपनी है। टाटा मोटर्स के आंकड़े को भी शामिल किया जाए तो महीने के लिए कुल पीवी बिक्री पिछले साल के समान महीने के 311,947 वाहन के मुकाबले 324,050 होगी।

एसयूवी सेगमेंट में नए मॉडल पेश किए जाने के साथ साथ इलेक्ट्रॉनिक और इलेक्ट्रिक कलपुर्जों की आपूर्ति में सुधार तथा मजबूत मांग से भी दुनिया के पांचवें सबसे बड़े वाहन बाजार में पीवी बिक्री लगातार चौथे महीने में दमदार बनी हुई है। उधारी दरों में वृद्धि के बावजूद यह रुझान देखा गया।

जुलाई 2022 ऐसा लगातार सातवां महीना था, जब मुख्य खुदरा मुद्रास्फीति केंद्रीय बैंक के अनुमानित स्तर 6 प्रतिशत से ऊपर बनी रही। आरबीआई समिति ने महंगाई पर काबू पाने के लिए नीतिगत रीपो दर पिछले सप्ताह 50 आधार अंक तक बढ़ाकर 5.4 प्रतिशत की।

पहली तिमाही में यूटिलिटी वाहनों की बढ़ती लोकप्रियता के साथ कुल पीवी (कारों, वैन और यूवी समेत) बिक्री वित्त वर्ष 2019 की ऊंची बिक्री के आंकड़े को पार कर गई और वित्त वर्ष में इसके नई ऊंचाइयों पर पहुंचने की संभावना है।

सायम के महासचिव राजेश मेनन ने एक बयान में कहा कि तिपहिया और चार पहिया वाहनों की बिक्री में वृद्धि न्यून आधार की वजह से दर्ज की गई है और इन दो सेगमेंट के लिए बिक्री अभी भी 2006 तथा 2016 के मुकाबले काफी कम बनी हुई है।

उद्योग संगठन ने कहा है कि कुल वाहन बिक्री (वाणिज्यिक वाहनों को छोड़कर) 1,542,716 के मुकाबले जुलाई के दौरान बढ़कर 1,706,545 वाहन रही।

मेनन ने कहा कि एंट्री लेवल यात्री कारों, दोपहिया और तिपहिया के लिए बाजार में सुधार आना अभी बाकी है।

उन्होंने कहा कि रीपो दरों में तीन बार में हुई वृद्धि से वाहन ऋण महंगे हो जाएंगे, जिससे एंट्री लेवल के वाहनों की बिक्री में तेज सुधार मुश्किल हो जाएगा।

सीएनजी सेगमेंट के लिए घरेलू गैस की बड़ी मात्रा आवंटित करने के संबंध में सरकार का नया निर्णय सीएनजी से चलने वाले वाहनों के लिए अच्छा संकेत है, क्योंकि इससे गैस कंपनियों की उत्पादन लागत काफी नीचे आएगी। मेनन ने कहा, 'हमें उम्मीद है कि सरकार के उद्देश्य के अनुरूप, गैस कंपनियां लागत नरमी का पूरा लाभ सीएनजी कीमतें घटाकर ग्राहकों तक पहुंचाएंगी।'

# पेटीएम को मानकों पर खरा उतरने की जरूरत

सुब्रत पांडा
मुंबई, 12 अगस्त

**नए नियम से बढ़ी चिंता**

- कंपनी को अपने बीएनपीएल व्यवसाय पेमेंट पोस्टपेड से संबंधित बदलाव लाना होगा
- विश्लेषकों का कहना है कि आरबीआई का नया नियम पीपीआई/वॉलेट अकाउंट में ऋण स्थानांतरण के खिलाफ है

**विश्लेषकों** का कहना है कि हालांकि पेटीएम अपने मर्चेंट एवं पर्सनल लोन व्यवसाय पर भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के डिजिटल उधारी दिशा-निर्देशों का पूरी तरह से पालन कर रही है, लेकिन उसके बाय नाउ पे लैटर (बीएनपीएल) व्यवसाय 'पेमेंट पोस्टपेड' को कुछ परिचालन संबंधित बदलाव लाने की जरूरत हो सकती है। मौजूदा समय में पेटीएम पोस्टपेड के तहत, ऋण सीधे तौर पर ग्राहक के खाते में मुहैया नहीं कराए जाते हैं बल्कि यह राशि एक नोडल अकाउंट में भेजी जाती है, जहां से भुगतान कंपनी इसे व्यवसायी के खाते में डालती है। केंद्रीय बैंक के नए डिजिटल उधारी मानकों के अनुसार, सभी ऋण वितरण और पुनः भुगतान को उधारी सेवा प्रदाता (एलएसपी) या किसी अन्य थर्ड पार्टी के पूल अकाउंट के बगैर सिर्फ उधारकर्ता और विनियमित संस्था के बैंक खाते के बीच ही क्रियान्वित किए जाने की जरूरत है।

आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज ने शुक्रवार को एक रिपोर्ट में कहा, 'पेटीएम को पोस्टपेड उत्पादों के लिए परिचालन संबंधित बदलाव की जरूरत होगी। हालांकि प्रबंधन ने संकेत दिया है कि दिशा-निर्देश लागू करने योग्य हैं।' मैक्वेरी रिसर्च ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा है, 'बीएनपीएल व्यवसाय (पेटीएम पोस्टपेड, जिसका योगदान पहली तिमाही में वितरित ऋणों में 60 प्रतिशत था) के लिए ऋण मौजूदा समय में सीधे तौर पर ग्राहक के बैंक खाते में वितरित नहीं किए जाते हैं, बल्कि यह रकम नोडल अकाउंट में स्थानांतरित की जाती है और फिर पेमेंट एग्रीगेटर के तौर पर पेटीएम प्रत्यक्ष रूप से इसे व्यवसायी को भेजता है।' रिपोर्ट में कहा गया है, 'हमारा मानना है कि पेटीएम के उधारी व्यवसाय की वितरण वृद्धि प्रभावित हो सकती है। प्रबंधन का कहना है कि भले ही ये मानक अपने मौजूदा स्वरूप में क्रियान्वित हों, लेकिन पेटीएम अतिरिक्त उम्मीद के साथ इस पर अमल करने में सक्षम होगी। उसका मकसद होगा कि ऋण पहले ग्राहक को वितरित किया जाए और फिर व्यवसायी को भुगतान किया जाए।' विश्लेषकों का कहना है कि उनकी नजर नए मानकों के परिचालन प्रभाव पर रहेगी, खासकर भुगतान कंपनी की ग्राहक सुविधा पर। मैक्वेरी की रिपोर्ट में कहा गया है, 'आरबीआई का नया नियम पीपीआई/वॉलेट अकाउंट में ऋण वितरण के खिलाफ है और इससे व्यवसाय पर प्रभाव पड़ सकता है।' आरबीआई ने इस नए नियम के जरिये यह स्पष्ट किया है कि ऋण वितरण सिर्फ उधारकर्ता के बैंक खाते में ही किया जा सकेगा, न कि पीपीआई में।

# इंडिया सीमेंट्स का शुद्ध लाभ 86 फीसदी बढ़ा

**चेन्नई** स्थित सीमेंट क्षेत्र की प्रमुख कंपनी इंडिया सीमेंट्स लिमिटेड ने जून में समाप्त हुए वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही के दौरान शुद्ध लाभ में 86 फीसदी की बढ़त दर्ज की है। कंपनी का शुद्ध लाभ इस दौरान 79.98 करोड़ रुपये रहा। 2021-22 में इसी अवधि के दौरान शुद्ध लाभ 43.05 करोड़ रुपये रहा था।

वर्ष 2022-23 की अप्रैल से जून तिमाही के दौरान कंपनी का राजस्व 45 फीसदी बढ़कर 1,514.35 करोड़ रुपये हो गया। पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि के दौरान यह 1045.25 करोड़ रुपये था। कच्चे माल की ऊंची कीमतों के कारण कंपनी का कुल खर्च भी बढ़कर 1,588.9 करोड़ रुपये हो गया, जो पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में 983.11 करोड़ रुपये था।

कंपनी ने कहा कि कम कर की दर के लाभ को ध्यान में रखते हुए अलग-अलग कर-देयता की पुनर्गणना की गई है। इसीलिए संशोधित कर गणना को ध्यान में रखने के बाद कर पश्चात लाभ में में बढ़ोतरी हुई है। कंपनी के कुल क्लिंकर उत्पादन में 28 फीसदी की वृद्धि हुई, जबकि सीमेंट की बिक्री 38 फीसदी बढ़कर 25 लाख टन हो गई, जबकि पिछले वर्ष यह 18 लाख टन थी। क्लिंकर की बिक्री 119,000 टन से मामूली अधिक थी जिसके कारण 26 लाख टन की कुल बिक्री हुई, जो 37 फीसदी का सुधार था।

### बजाज इलेक्ट्रिकल्स का लाभ

बजाज इलेक्ट्रिकल्स का चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में समेकित शुद्ध लाभ 41.19 करोड़ रुपये रहा। पिछले वर्ष अप्रैल-जून तिमाही के दौरान कंपनी को 24.97 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा हुआ था।

### एसजेवीएन का लाभ उछला

सार्वजनिक क्षेत्र की जलविद्युत कंपनी एसजेवीएन लि. का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में 78 फीसदी से अधिक उछलकर 609.23 करोड़ रुपये पहुंच गया। मुख्य रूप से आय बढ़ने से कंपनी का लाभ बढ़ा है। कंपनी ने शुक्रवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि एक साल पहले की इसी तिमाही में कंपनी का एकीकृत शुद्ध लाभ 342.13 करोड़ रुपये था।

### एस्टर डीएम हेल्थकेयर का शुद्ध लाभ बढ़ा

एस्टर डीएम हेल्थकेयर का चालू वित्त वर्ष की 30 जून को खत्म पहली तिमाही में समेकित शुद्ध लाभ 33.84 फीसदी बढ़कर 79.77 करोड़ रुपये रहा है। एक साल पहले अप्रैल-जून में उसे 59.6 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा हुआ था।

बीएस संवाददाता/एजेंसियां

# बजाज हिंदुस्तान को एनसीएलटी ले गया भारतीय स्टेट बैंक

पृष्ठ 1 का शेष

बजाज हिंदुस्तान शुगर के प्रवक्ता ने कहा कि कंपनी को बैंक से इस मसले पर कोई सूचना नहीं मिली है और बाजार की अटकलों पर कंपनी कुछ नहीं कहती। एसबीआई को इस बारे में गुरुवार को ईमेल भेजा गया था मगर खबर लिखे जाने तक उसका जवाब नहीं आया। बजाज हिंदुस्तान की 14 चीनी मिलें हैं, जो एक दिन में कुल 1.36 लाख टन गन्ना पेर सकती हैं। उसकी छह डिस्टिलरी भी हैं, जिनमें रोजाना 800 किलोलीटर औद्योगिक अल्कोहल बनाया जा सकता है। मार्च, 2022 में समाप्त वित्त वर्ष में कंपनी की आय 5,569 करोड़ रुपये रही थी और उसे 218 करोड़ रुपये का घाटा हुआ था। कंपनी ने स्टॉक एक्सचेंज को बताया कि संयुक्त ऋणदाता फोरम को जारी 3,483.25 करोड़ रुपये मूल्य के वैकल्पिक परिवर्तनीय डिबेंचर्स (ओसीडी) को धारक शेयर भाव के हिसाब से इक्विटी शेयर में बदल सकते हैं।

# एसीसी, अंबुजा के अधिग्रहण के लिए अदाणी को सीसीआई की मंजूरी

**भारतीय** प्रतिस्पर्धा आयोग ने शुक्रवार को कहा कि उसने अदाणी समूह की तरफ से हो रहे अंबुजा सीमेंट्स व एसीसी के अधिग्रहण को मंजूरी दे दी।

स्विस कंपनी होल्सिम के स्वामित्व वाली दोनों कंपनियों का अधिग्रहण मई में 10.5 अरब डॉलर यानी 81,339 करोड़ रुपये में किया गया, जिससे अदाणी समूह देश में अल्ट्राटेक के बाद दूसरा सबसे बड़ा सीमेंट उत्पादक बन गया। प्रतिस्पर्धा आयोग ने शुक्रवार को कहा कि यह मंजूरी एंडेवर ट्रेड ऐंड इन्वेस्टमेंट को दी गई, जो मॉरीशस में स्थापित एसपीवी है और इसका नियंत्रण अदाणी परिवार के पास है। एसपीवी ने मई में ऑफशोर प्रवर्तक होल्डइंड इन्वेस्टमेंट की पूरी हिस्सेदारी खरीदने के लिए करार लागू किया। *बीएस*

# आदित्य बिड़ला हेल्थ इंश्योरेंस में अबू धाबी इन्वेस्टमेंट करेगी निवेश

सुब्रत पांडा
मुंबई, 12 अगस्त

**आदित्य** बिड़ला कैपिटल और आदित्य बिड़ला हेल्थ इंश्योरेंस के बोर्ड ने अबू धाबी इन्वेस्टमेंट अथॉरिटी (एडीआईए) की एक सहायक कंपनी से 665 करोड़ रुपये के पूंजी निवेश के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है, कंपनी ने देर रात एक बयान में कहा।

आदित्य बिड़ला हेल्थ इंश्योरेंस आदित्य बिड़ला कैपिटल लिमिटेड और मोमेंटम मेट्रोपॉलिटन स्ट्रेटेजिक इन्वेस्टमेंट्स (एमएमएसआई) के बीच 51:49 का संयुक्त उद्यम है। एमएमएसआई दक्षिण अफ्रीकी कंपनी मोमेंटम मेट्रोपॉलिटन होल्डिंग्स लिमिटेड (एमएमएच) की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है।

लेन-देन की समाप्ति के बाद, जो भारतीय बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण (इरडाई) सहित वैधानिक और नियामक अनुमोदन प्राप्त करने के अधीन है, एडीआईए के पास आदित्य बिड़ला हेल्थ इंश्योरेंस में 9.99 फीसदी हिस्सेदारी होगी जबकि आदित्य बिड़ला कैपिटल के पास 45.91 फीसदी और एमएमएच के पास 44.10 फीसदी हिस्सेदारी होगी। एकमात्र स्वास्थ्य बीमाकर्ता के लेन-देन का मूल्य 6,650 करोड़ रुपये है।

कंपनी भारत में स्वास्थ्य बीमा बाजार में अपनी बढ़त बनाने के लिए निवेश की आय का उपयोग करने की योजना बना रही है। हालांकि यह बहुत कम है लेकिन कंपनी को विकास के लिए एक बड़ा रास्ता प्रदान करता है। हाल के दिनों में स्वास्थ्य सभी के लिए एक प्रमुख चिंता का विषय बन गया है। अपने पहले मॉडल के साथ 'एबीएचआई' इस चिंता को दूर करने के लिए अच्छी स्थिति में है। यह बीमा के माध्यम से स्वास्थ्य की रक्षा भी करता है। आदित्य बिड़ला कैपिटल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विशाखा मुले ने कहा, 'एडीआईए का निवेश एबीएचआई और हमारे द्वारा बनाई गई फ्रैंचाइजी के मजबूत और अनूठे व्यवसाय मॉडल को बताता है।'


**KOTAK MAHINDRA BANK LIMITED**

**Regd office:** 27BKC, C 27, G Block, Bandra Kurla Complex, Bandra (E), Mumbai 400 051 **Corporate office:** Kotak Infiniti, Bldg No 21, Infinity Park, General AK Vaidya Marg, Malad (E), Mumbai 400 097 **www.kotak.com**

**AUCTION - NOTICE**

That the below mentioned Borrower/s had availed gold loan facility against security of the gold ornaments/ items, as specified below. The Borrower/s defaulted in due repayment of the installments and outstanding dues and as a result of which the Bank was constrained to issue notices calling upon the Borrower/s to repay the outstanding amounts. However, the Borrower/s has failed to repay/clear his outstanding dues thereby compelling the Bank to auction the gold ornaments pledged in favour of the Bank.

The auction of the below mentioned gold ornaments would be held at :- **Date: 29-AUG-2022 Time: 11.00 AM** Place: Lajpat Nagar Branch Premises As mentioned in Auction Date column.

| Apppl | Apac/ Account No | Borrower Name | State | Location | Branch | Gross weight (In Gms) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| GLN | 2139380 | MANOJ KUMAR GARG | DELHI | DELHI | DARIYAGANJ | 66.20 |
| GLN | 2092891 | MOHD NADEEM KHAN | DELHI | DELHI | DARIYAGANJ | 48.30 |
| GLN | 2128632 | MOHD NADEEM KHAN | DELHI | DELHI | DARIYAGANJ | 26.60 |
| GLN | 2146770 | NARESH SAINI | DELHI | DELHI | DARIYAGANJ | 34.60 |
| GLN | 2228010 | MEENA SINGH | DELHI | DELHI | DWARKASEC5 | 15.80 |
| GLN | 1813047 | NITIN POPLI | DELHI | DELHI | FARIDBDNIT | 26.60 |
| GLN | 1753637 | BILAL QURESHI | DELHI | DELHI | GHAZIABAD | 139.70 |
| GLN | 1754550 | BILAL QURESHI | DELHI | DELHI | GHAZIABAD | 155.70 |
| GLN | 2252755 | ABHISHEK TIWARI | DELHI | DELHI | INDIRAPURA | 28.30 |
| GLN | 1812268 | AMRENDRA PRATAP SINGH | DELHI | DELHI | KALKAJI | 27.30 |
| GLN | 2036923 | MADHUMITA BANERJEE | DELHI | DELHI | KALKAJI | 22.10 |
| GLN | 2176691 | MADHUMITA BANERJEE | DELHI | DELHI | KALKAJI | 35.40 |
| GLN | 1686629 | PRABHAT RANJAN SINGH | DELHI | DELHI | KALKAJI | 54.50 |
| GLN | 1801901 | RISHI SADH | DELHI | DELHI | LAZPAT NGR | 159.70 |
| GLN | 2139559 | RISHI SADH | DELHI | DELHI | LAZPAT NGR | 64.50 |
| GLN | 2076571 | MOHD ASIM QURESHI | DELHI | DELHI | LAZPAT NGR | 239.90 |
| GLN | 2249667 | MOHD ASIM QURESHI | DELHI | DELHI | LAZPAT NGR | 89.50 |
| GLN | 1937036 | SWATI. | DELHI | DELHI | LAZPAT NGR | 72.10 |
| GLN | 2113037 | ABDUL WAHAB | DELHI | DELHI | LAZPAT NGR | 53.10 |
| GLN | 2032133 | NAVIN KUMAR SINGH | DELHI | DELHI | LOKVIHAR | 64.50 |
| GLN | 2074826 | KIRTI JINDAL | DELHI | DELHI | LOKVIHAR | 147.10 |
| GLN | 1864669 | ABHISHEK SINGHLA | DELHI | DELHI | MALVIYA NG | 98.50 |
| GLN | 1957586 | ABHISHEK SINGHLA | DELHI | DELHI | MALVIYA NG | 94.30 |
| GLN | 1734820 | MOHD AKHLAKH | DELHI | DELHI | MALVIYA NG | 33.00 |
| GLN | 2033211 | ASHISH RASTOGI | DELHI | DELHI | MALVIYA NG | 56.40 |
| GLN | 2141221 | ASHISH RASTOGI | DELHI | DELHI | MALVIYA NG | 61.40 |
| GLN | 1728069 | RAHUL KUMAR | DELHI | DELHI | MALVIYA NG | 20.60 |
| GLN | 2259578 | MOHD KAMRAN | DELHI | DELHI | MALVIYA NG | 64.90 |
| GLN | 1833429 | RATI DEVI | DELHI | DELHI | MALVIYA NG | 32.70 |
| GLN | 2218109 | RAJNEESH TYAGI | DELHI | DELHI | MALVIYA NG | 155.20 |
| GLN | 1545188 | ANKIT. | DELHI | DELH | I MALVIYA NG | 20.30 |
| GLN | 1967970 | PARVEEN KUMAR | DELHI | DELHI | MALVIYA NG | 75.40 |
| GLN | 1760902 | CHALITTAR MANDAL | DELHI | DELHI | MAYURVIHAR | 14.40 |
| GLN | 1756740 | ABHISHEK CHAND | DELHI | DELHI | MODEL TOWN | 100.40 |
| GLN | 2045978 | MANDEEP CHANANA | DELHI | DELHI | MODEL TOWN | 147.00 |
| GLN | 2147955 | ANKUR BAJAJ | DELHI | DELHI | MODEL TOWN | 103.90 |
| GLN | 2052833 | NARESH KUMAR | DELHI | DELHI | MODEL TOWN | 36.00 |
| GLN | 2100697 | VANDANA ATUL MALHOTRA | DELHI | DELHI | MODEL TOWN | 303.90 |
| GLN | 2053742 | ASHA KHURANA | DELHI | DELHI | MODEL TOWN | 89.70 |
| GLN | 2076441 | ASHA KHURANA | DELHI | DELHI | MODEL TOWN | 73.20 |
| GLN | 2099044 | ASHA KHURANA | DELHI | DELHI | MODEL TOWN | 62.60 |
| GLN | 2191152 | M FARMAN | DELHI | DELHI | NFCOLONY | 66.40 |
| GLN | 1988754 | RITU VERMA | DELHI | DELHI | NFCOLONY | 78.00 |
| GLN | 1716904 | KARAMVEER SINGH | DELHI | DELHI | NFCOLONY | 115.20 |
| GLN | 2025317 | NARESH KUMAR | DELHI | DELHI | NOIDA S-18 | 42.40 |
| GLN | 2134780 | JAY SHANKAR PRASAD GUPTA | DELHI | DELHI | NOIDA S-18 | 19.90 |
| GLN | 2142869 | JAY SHANKAR PRASAD GUPTA | DELHI | DELHI | NOIDA S-18 | 40.50 |
| GLN | 2145374 | ROHIT KUMAR GUPTA | DELHI | DELHI | NOIDA S-18 | 39.10 |
| GLN | 2119384 | LAXMI . | DELHI | DELHI | NOIDA S-18 | 106.80 |
| GLN | 2133800 | LAXMI . | DELHI | DELHI | NOIDA S-18 | 40.50 |
| GLN | 2254029 | LAXMI . | DELHI | DELHI | NOIDA S-18 | 17.20 |
| GLN | 2136199 | ANIL . | DELHI | DELHI | NOIDA S-18 | 111.90 |
| GLN | 2148358 | RASHMI DEVI | DELHI | DELHI | NOIDA S-18 | 99.70 |
| GLN | 2236879 | VINOD KUMAR | DELHI | DELHI | NOIDA S-18 | 153.90 |
| GLN | 1883625 | RAVI KUMAR OJHA | DELHI | DELHI | PREET VIHA | 37.00 |
| GLN | 2262300 | ATUL KUMAR SINGH | DELHI | DELHI | SEC10AGRG | 10.00 |
| GLN | 2240539 | ARVIND KUMAR PANDEY | DELHI | DELHI | SEC-14-GRG | 15.60 |
| GLN | 1620110 | AJIT KAUR | DELHI | DELHI | SEC-14-GRG | 34.30 |
| GLN | 2243362 | SARLA SINGH | DELHI | DELHI | SEC-14-GRG | 9.10 |
| GLN | 2270391 | MOHD KAMRAN | DELHI | DELHI | SOUTHEX | 112.20 |
| GLN | 2261612 | RAHUL THAREJA | DELHI | DELHI | TILAKNAGAR | 75.30 |
| GLN | 1605331 | KULWINDER SINGH | DELHI | DELHI | TILAKNAGAR | 14.10 |
| GLN | 1646840 | KULWINDER SINGH | DELHI | DELHI | TILAKNAGAR | 12.30 |
| GLN | 1864360 | ANAND SINGH | DELHI | DELHI | VIKASPURI | 72.70 |
| GLN | 1874845 | KARAN CHAWLA | DELHI | DELHI | VIKASPURI | 37.40 |
| GLN | 2114510 | MINAKSHI GOYAL | DELHI | DELHI | YAMUNAVIHA | 36.20 |
| GLN | 2115380 | MINAKSHI GOYAL | DELHI | DELHI | YAMUNAVIHA | 56.30 |
| GLN | 2137243 | SHAMIM . | DELHI | DELHI | YAMUNAVIHA | 232.90 |
| GLN | 1616687 | WASEEM AKRAM | DELHI | DELHI | YAMUNAVIHA | 17.90 |
| GLN | 1793030 | DEEPAK CHOUDHARY | DELHI | DELHI | YAMUNAVIHA | 121.20 |
| GLN | 2120003 | RAVINDER. | DELHI | DELHI | YAMUNAVIHA | 13.90 |
| GLN | 2165399 | SHADAB MALIK | DELHI | DELHI | YAMUNAVIHA | 23.00 |
| GLN | 2267154 | SHADAB MALIK | DELHI | DELHI | YAMUNAVIHA | 34.40 |
| GLN | 2176017 | NEERAJ RANA | DELHI | DELHI | YAMUNAVIHA | 51.90 |
| GLN | 2196161 | PREM KUMAR | DELHI | DELHI | YAMUNAVIHA | 25.50 |
| GLN | 2206832 | PREM KUMAR | DELHI | DELHI | YAMUNAVIHA | 71.70 |
| GLN | 2251850 | ARIF . | DELHI | DELHI | YAMUNAVIHA | 31.10 |
| GLN | 2223517 | SITA . | DELHI | DELHI | YAMUNAVIHA | 18.60 |

Bidders are requested to Submit a copy of their Photo – identity, signature and address proof along with their original for verification together with 2(Two) recent photographs **submit before 11:00 am** on the day of auction. The Bank reserves the right to change the venue/date/time of auction or cancel the auction without any notice to bidders.

The cost of the auction process will be debited to the customer account. Bank reserves the right to recover the balance amount from the customer if the bid amount is insufficient to meet the payoff amount of the account.

For any further details regarding the terms and conditions of the auction (It's mandetory to diposit security money(EMD) DD of Rs. 3.00 Lac), You are required to contact the below mentioned person/s.

**Kotak Mahindra Bank Ltd.**
**(Rajesh Sardar) Email-rajesh.sardar@kotak.com Ph-09560355818**



**परिशिष्ट IV**
देखें नियम 8(1)
**कब्जा सूचना**
(अचल संपत्ति हेतु)

**जब कि,**

**इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनान्स लिमिटेड (CIN:L65922DL2005PLC136029)** प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते अधोहस्ताक्षरी ने सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फायनांशियल असेट्स एंड एन्फोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट ऐक्ट, 2002 के अंतर्गत और नियम 3 के साथ धारा 13(12) के साथ सिक्योरिटी इंटरेस्ट (एन्फोर्समेंट) रूल्स, 2002 के साथ पढ़ते हुए प्राप्त अधिकारों का उपयोग करके कर्जदार **नसरुद्दीन उर्फ नसीरुद्दीन और नसीम बानो** को **17.12.2021** की सूचना में वर्णन के अनुसार **कर्ज खाता नं. HHLRHN00483185** की राशि **रू.17,93,400.68 (रूपये सत्रह लाख तिरानवे हजार चार सौ और अड़सठ पैसे मात्र)** और **24.11.2021** के अनुसार उस पर ब्याज उक्त सूचना की प्राप्ती की तारीख से स्पष्ट 60 दिनों के भीतर चुकता करने का आवाहन करते हुए अभियाचना सूचना जारी की थी ।

धनराशि चुकता करने में कर्जदारों के असफल रहने पर एतद्द्वारा कर्जदार और सर्व सामान्य जनता को सूचना दी जाती है कि, अधोहस्ताक्षरी ने उक्त कानून की धारा 13 की उप-धारा 4 के साथ उक्त कानून के नियम 8 के तहत सिक्योरिटी इंटरेस्ट (एन्फोर्समेंट) रूल्स, **2002** के तहत प्राप्त अधिकारों का कार्यान्वयन करके **08.08.2022** को संपत्ति पर **सांकेतिक आधिपत्य** कर लिया है ।

विशेषत: कर्जदारों और सामान्यत: जनता को एतद्द्वारा संपत्ति के साथ सौदा नहीं करने के लिए सावधान किया जाता है और संपत्ति के साथ कोई भी सौदा राशि **रू.17,93,400.68 (रूपये सत्रह लाख तिरानवे हजार चार सौ और अड़सठ पैसे मात्र) 24.11.2021** के अनुसार और उस पर ब्याज के साथ **इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनान्स लिमिटेड** के आधीन होगा।

उधारकर्ताओ का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के अन्तर्गत संपत्ति / संपत्तियों को मुक्त कराने के लिए उपलब्ध समय की ओर आमंत्रित किया जाता है।

**अचल संपत्ति का विवरण**

रोहिणी, अवंतिका सेक्टर-1, ब्लॉक-बी, तल मंजिल पर डीडीए विस्तारयोग्य जनता फ्लैट नं. 893 मापित 32 चौ. मीटर्स के सभी भाग और खंड, नई दिल्ली-110085, दिल्ली और परिबद्ध है.

पूर्व : प्रवेश — पश्चिम : अन्य फ्लैट
उत्तर : फ्लैट नं. 894 — दक्षिण : फ्लैट नं.892

**सही/-**
**दिनांक : 08.08.2022** — **प्राधिकृत अधिकारी**
**स्थान : दिल्ली** — **इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनान्स लिमिटेड**



**NOTICE**

बैंक ऑफ बड़ौदा, शाखा शक्ति नगर, दिल्ली -110007 शोभा कार्ड्स एंड आर्ट्स, प्लॉट नंबर 403, पॉकेट-सी, IFC गाज़ीपुर, दिल्ली में स्थित संपत्ति के खिलाफ ऋण सुविधाएँ दे रहा है।

कोई भी व्यक्ति किसी भी अधिकार, हितों का दावा करने वाला या किसी भी आपत्ति का दावा करने वाला इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 7 दिनों के भीतर उपरोक्त पते पर प्रबंधक से संपर्क कर सकता है।



**Indiabulls Infraestate Limited**
**Extract of Unaudited Financial Results for the quarter ended 30 June 2022**

(₹ in Lakhs)

| Sl. No. | Particulars | 3 months ended 30 June 2022 (Unaudited) | Previous year ended 31 March 2022 (Audited) |
|---|---|---|---|
| 1 | Total Income from Operations | 1,336.61 | 40,525.86 |
| 2 | Net (Loss) / Profit for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items) | (656.87) | (1,627.44) |
| 3 | Net (Loss) / Profit for the period before Tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | (656.87) | (1,627.44) |
| 4 | Net (Loss) / Profit for the period after Tax, (after Exceptional and/or Extraordinary items) | (653.38) | (3,192.50) |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period [Comprising (Loss) / Profit for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | (653.38) | (3,188.95) |
| 6 | Paid up Equity Share Capital | 22.74 | 22.74 |
| 7 | Reserves (excluding Revaluation Reserve) | 151,466.16 | 152,119.54 |
| 8 | Securities Premium Account | 161,239.17 | 161,239.17 |
| 9 | Net Worth | 151,488.91 | 152,142.29 |
| 10 | Paid up Debt Capital / Outstanding Debt | 8,235.27 | 11,067.78 |
| 11 | Outstanding redemption preference share | - | - |
| 12 | Debt Equity Ratio | 0.05 | 0.07 |
| 13 | Earnings per Share (EPS) (Face value Per Share Rs. 10 each) | | |
| | - Basic (Amount in ₹) | (287.28) | (1,403.67) |
| | - Diluted (Amount in ₹ ) | (287.28) | (1,403.67) |
| 14 | Capital Redemption Reserve | - | - |
| 15 | Debenture Redemption Reserve | 1,120.85 | 1,120.85 |
| 16 | Debt Service Coverage Ratio | (0.17) | (0.05) |
| 17 | Interest Service Coverage Ratio | (1.01) | (0.43) |

**Notes :**

1 The above results have been reviewed by the Audit Committee and subsequently approved at the meeting of the Board of Directors held on 12 August 2022.

2. The above is an extract of the detailed format of Quarterly / Annual Financial Results filed with the Stock Exchanges under Regulation 52(8), read with 52(4) of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly/ Annual Financial Results are available on the Company's website (https://indiabullsrealestate.com/ibil/) and on the website of BSE (https://www.bseindia.com) and NSE (https://www.nseindia.com).

**Registered Office:**
Office no 202, 2nd Floor,A-18 Rama House, Middle Circle, Connaught Place , New Delhi- 110 001.
(CIN: U70102DL2007PLC157384)

**For and on behalf of the Board of Directors**

Place : **Gurugram**
Date : **12 August 2022**

**Mehul Johnson**
**Whole Time Director**


**दिल्ली** संस्करणबिज़नेस स्टैंडर्ड प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक नंदन सिंह रावत द्वारा द इंडियन एक्सप्रेस (प्रा) लिमिटेड, ए-8, सेक्टर-7, नोएडा, गौतम बुद्ध नगर-201301, उ.प्र. से मुद्रित एवं नेहरू हाउस, 4, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नईदिल्ली से प्रकाशित
संपादक : कैलाश नौटियाल आरएनआई नं. DELHIN/2008/27804 पाठक संपादक को lettershindi@bsmail.in पर संदेश भेज सकते हैं। टेलीफोन - 033-22101314/1022/1600 फैक्स - 033-22101599
सबस्क्रिप्शन और सर्कुलेशन के लिए संपर्क करें... सुश्री मानसी सिंह हेड, कस्टमर रिलेशन्स बिज़नेस स्टैंडर्ड लिमिटेड, तीसरी और चौथी मंजिल, बिल्डिंग एच, पैरागन सेंटर, सेंचुरी मिल्स के सामने, पी बी मार्ग, वर्ली, मुंबई 400 013 ईमेल.. subs_bs@bsmail.in या 57575 पर एसएमएस करें REACHBS कोई हवाई अधिभार नहीं

# निफ्टी की 7वीं साप्ताहिक बढ़त

## बेंचमार्क सूचकांकों में इस दौरान करीब 16 फीसदी की उछाल दर्ज हुई, एफपीआई बने रहे खरीदार

सुंदर सेतुरामन
तिरुवनंतपुरम, 12 अगस्त

त्योहारी छुट्टी वाले हफ्ते में बेंचमार्क निफ्टी ने चारों कारोबारी सत्र में बढ़त दर्ज की और इस तरह से आठ हफ्ते में यह उसकी 7वीं साप्ताहिक बढ़त है। पिछले आठ हफ्ते में 50 शेयरों वाला इंडेक्स करीब 16 फीसदी चढ़ा है और इस तरह से इंडेक्स ने वैश्विक मंदी और महामारी के बाद प्रोत्साहन पैकेज की वापसी से जुड़ी चिंता को पीछे छोड़ दिया।

विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों की लगातार खरीदारी और अमेरिकी फेडरल रिजर्व की तरफ से ब्याज दरों में धीमी बढ़ोतरी की उम्मीद ने पिछले आठ हफ्तों में बाजारों को मजबूत बनाया है। सेंसेक्स के मामले में यह पिछले आठ हफ्ते में छठी साप्ताहिक बढ़त है। बाकी दो मौकों पर इसने मामूली गिरावट दर्ज की है।




### बाजारों में बढ़त

- शुक्रवार को सेंसेक्स में 130 अंक की बढ़ोतरी दर्ज हुई और यह 59,462 पर बंद हुआ
- दूसरी ओर निफ्टी ने 39 अंक यानी 0.2 फीसदी की बढ़त के साथ 17,698 अंक पर कारोबार की समाप्ति की
- पिछले आठ हफ्ते में सेंसेक्स में 15.8 फीसदी की उछाल दर्ज हुई है
- शुक्रवार को एफपीआई ने 3,040 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। अगस्त में अब तक उन्होंने 22,453 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे हैं

शुक्रवार को सेंसेक्स में 130 अंक यानी 0.2 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज हुई और यह 59,462 पर बंद हुआ। पिछले आठ हफ्ते में सेंसेक्स में 8,100 अंक यानी 15.8 फीसदी की उछाल दर्ज हुई है। दूसरी ओर निफ्टी ने 39 अंक यानी 0.2 फीसदी की बढ़त के साथ 17,698 अंक पर कारोबार की समाप्ति की।

इस हफ्ते अमेरिकी महंगाई से अनुमान से नरम आंकड़ों ने उम्मीद जगाई है कि फेडरल रिजर्व ब्याज दरों में बढ़ोतरी पर अपनी रफ्तार धीमी कर देगा। अमेरिका में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित महंगाई जुलाई में सालाना आधार पर 8.5 फीसदी बढ़ा जबकि जून में यह 9.1 फीसदी बढ़ा था, चार दशक का सर्वोच्च स्तर है। मासिक आधार पर हालांकि इसमें बढ़ोतरी नहीं हुई जबकि जून में यह 1.3 फीसदी बढ़ा था। महंगाई के आंकड़ों ने उम्मीद जगाई कि अमेरिका में कीमत बढ़ोतरी सर्वोच्च स्तर पर पहुंच चुकी है।

विश्लेषकों ने कहा कि अगर अमेरिका में महंगाई नियंत्रित हो जाती है और तेल की कीमतों में नरमी जारी रहती है तो ब्याज दर में और बढ़ोतरी की दरकार शायद नहीं होगी।

साल 2022 की पहली छमाही में 2.2 लाख करोड़ रुपये के शुद्ध बिकवाल बनने के बाद एफपीआई पिछले दो महीने में शुद्ध खरीदार बन गए हैं। शुक्रवार को एफपीआई ने 3,040 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। अगस्त में अब तक उन्होंने 22,453 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे हैं और इस तरह से जुलाई से उनकी कुल खरीदारी 30,000 करोड़ रुपये से ज्यादा हो गई है।

तीन महीने तक लगातार गिरावट और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी के बाद मूल्यांकन पर सहजता ने एफपीआई को एक बार फिर शुद्ध खरीदार बना दिया। शुक्रवार को ब्रेंट क्रूड का कारोबार 100.8 डॉलर प्रति बैरल पर हुआ, जो जुलाई की शुरुआत के मुकाबले 20 फीसदी कम है। कच्चे तेल की कीमतों में नरमी ने महंगाई के मोर्चे पर भी कुछ सहजता उपलब्ध कराई है।

यूरोप में भूराजनीतिक तनाव और चीन में कोविड के बढ़ते मामलों ने जिंस की कीमतों में अवरोध पैदा किया और उच्च महंगाई का जोखिम सामने रखा। कंपनियों के संतोषजनक नतीजे, मॉनसून में सुधार और यह उम्मीद कि भारत इस वैश्विक आर्थिक मंदी में बेहतर रह सकता है, इससे अवधारणा सुधारने में मदद मिली।

मोतीलाल ओसवाल फाइनैंशियल सर्विसेज के खुदरा शोध प्रमुख सिद्धालर्थ खेमका ने कहा, अगस्त में एफपीआई लगातार खरीदार बने हुए हैं, जो बाजार में तेजी ला रहा है। अमेरिका में महंगाई में नरमी ने भी बाजार की अवधारणा मजबूत की है, हालांकि फेड का कदम चिंता का विषय है। कुल मिलाकर रफ्तार सकारात्मक है और बाजार यहां थोड़ा थम सकता है और हालिया तेजी के बाद एकीकृत हो सकता है। हालांकि शेयर विशेष की चाल बनी रहेगी, क्योंकि हम नतीजे के सीजन के आखिरी दौर में हैं।

अब बाजार स्वतंत्रता दिवस के अवकाश के बाद मंगलवार को खुलेगा। रेलिगेयर के उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा, बाजार मंगलवार को शुरुआती कारोबार में आर्थिक आंकड़ों और अन्य वैश्विक संकेतकों पर प्रतिक्रिया जताएगा।

# टावर फर्में करेंगी तगड़ा निवेश

## तय निवेश का आधा अगले दो साल में करने की है योजना

सुरजीत दास गुप्ता
नई दिल्ली, 12 अगस्त

**दूरसंचार क्षेत्र** में बड़े निवेश की तैयारी हो रही है। टावर कंपनियों की सर्वोच्च संस्था डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोवाइडर्स एसोसिएशन (डीआईपीए) का कहना है कि भारतीय मोबाइल टावर कंपनियां वर्ष 2025 तक 2 लाख करोड़ रुपये का निवेश करेंगी और इसमें से करीब आधा खर्च अगले दो साल में किया जाएगा जिससे दूरसंचार कंपनियों द्वारा देश में 5जी के लिए तय किए गए लक्ष्य का 50 प्रतिशत पूरा हो जाएगा।



### 5जी की तैयारी

- कंपनियां 2025 तक 2 लाख करोड़ रुपये का निवेश करेंगी, जिसमें से आधा अगले दो साल में किया जाएगा
- टावरों को फाइबर केबल से जोड़ने पर निवेश 2025 तक 5-7 लाख करोड़ रुपये के बीच हो सकता है
- भारत में मौजूदा समय में 7.27 लाख टावर और 1 लाख छोटे टावर वाणिज्यिक तौर पर इस्तेमाल में हैं
- टावरों को फाइबर केबल सुविधा पर निवेश इसलिए भी जरूरी है, क्योंकि 5जी को बड़े डेटा की जरूरत होगी

टावर कंपनियों के निवेश में महत्वपूर्ण छोटे टावरों की स्थापना भी शामिल होगी, जो 5जी की सफलता के लिए जरूरी हैं, जिसके लिए नेटवर्क का विस्तार करने और खंभों, स्ट्रीट फर्नीचर जैसे सार्वजनिक तथा आवासीय इन्फ्रास्ट्रक्चर पर लगाया जाता है। इनसे खासकर अधिक आबादी वाले क्षेत्रों में बैंडविथ की अच्छी क्षमता उपलब्ध होती है।

भारतीय दूरसंचार टावर उद्योग पर मुख्य तौर पर तीन कंपनियों - इंडस टावर्स, अमेरिकन टावर कॉरपोरेशन और ब्रुकफील्ड (बीएसएनएल के अलावा रिलायंस गठबंधन) का दबदबा है।

टावरों को फाइबर केबल सुविधा पर निवेश इसलिए भी जरूरी है, क्योंकि 5जी को बड़े डेटा की जरूरत होगी।

देश में 7.27 लाख टावर और 1 लाख छोटे टावर पहले से ही वाणिज्यिक तौर पर इस्तेमाल में हैं। डीआईपीए का अनुमान है कि 5जी के लिए नेटवर्क विस्तार की जरूरत के लिए हरेक वर्ग किलोमीटर पर 1,000 बेस स्टेशन की तैनाती होगी। इनमें बैकहॉल रेडियस, एंटीना, टावर स्ट्रीट फर्नीचर शामिल होंगे। वहीं 50 प्रतिशत कवरेज के लिए हरेक वर्ग किलोमीटर पर 500 छोटे टावर तैनात करने की जरूरत होगी। छोटे टावर विभिन्न आकार में होते हैं और इनमें 50 मीटर से 2500 मीटर के दायरे में 8-200 उपयोगकर्ताओं के बीच सेवा मुहैया कराने की क्षमता होती है।

डीआईपीए का कहना है कि यदि सार्वजनिक इन्फ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध हो तो छोटे टावरों का विस्तार हो सकता है। उदाहरण के लिए, इस संबंध में सरकारी अधिकारियों को रिपोर्ट भेजी जा चुकी हैं, जिससे कि विद्युत वितरण कंपनियों के विद्युत खंभों का इस्तेमाल इन टावरों के तौर पर किया जा सके और पूंजीगत खर्च घटाया जा सके। ट्राई पहले ही छोटे टावर लगाए जाने के लिए स्ट्रीट फर्नीचर (जैसे बस स्टैंड आदि) के इस्तेमाल पर हितधारकों के साथ बातचीत कर रही है।

लेकिन दूरसंचार कंपनियों का कहना है कि यह व्यवसाय स्थिर है और हर कोई निवेश पर आश्वस्त प्रतिफल के साथ दूरसंचार कंपनियों के साथ दीर्घावधि के पट्टा अनुबंध करना चाहता है। एक प्रख्यात टावर कंपनी के अधिकारी ने कहा, 'यह व्यवसाय भरपाई के स्तर पर है और बाजार में तीन कंपनियों की उपस्थिति के साथ, हमें दो पट्टा व्यवसाय मजबूत होने की संभावना है।'

आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज के विश्लेषकों का कहना है कि शुरुआती चरणों में, इंडस का मानना है कि आरंभिक 5जी पेशकश काफी व्यापक होगी, लेकिन लोडिंग के साथ होगी, जिसका मतलब है मौजूदा पट्टेदार इन टावरों में 5जी उपकरण तैनात करेंगे। हालांकि 5जी टावर बड़े हैं और इन्हें अधिक एनर्जी सॉल्युशनों की जरूरत है, इसलिए लोडिंग चार्ज बढ़ जाएगा।

# सिरमा एसजीएस आईपीओ को पहले दिन मिले 37 फीसदी आवेदन

**सिरमा एसजीएस** टेक्नोलॉजी के आईपीओ को शुक्रवार को पहले दिन 37 फीसदी आवेदन मिले। एक दिन पहले कंपनी ने 252 करोड़ रुपये के शेयर एंकर निवेशकों को आवंटित किए थे। करीब तीन महीने बाद सिरमा एसजीएस का आईपीओ बाजार में पेश होने वाला पहला आईपीओ है। पिछला आईपीओ 24 मई को एथर इंडस्ट्रीज ने पेश किया था। इस इश्यू को मिलने वाली प्रतिक्रिया पर अन्य कंपनियों की नजर है, जो बाजार में उतरना चाहती हैं। इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम डिजायन व विनिर्माण फर्म सिरमा एसजीएस ने आईपीओ का कीमत दायरा 209 से 220 रुपये प्रति शेयर तय किया है। कीमत दायरे के ऊपरी स्तर पर कंपनी का मूल्यांकन 3,877 करोड़ रुपये होगा। *बीएस*

# स्टर्लिंग ऐंड विल्सन के प्रवर्तकों ने बेचा 1.87 फीसदी हिस्सा

**स्टर्लिंग ऐंड** विल्सन रीन्यूएबल एनर्जी के प्रवर्तकों ने कंपनी की 1.87 फीसदी हिस्सेदारी ओएफएस के जरिए बेची है। 36 लाख शेयरों के ओएफएस के मुकाबले संस्थागत निवेशकों की तरफ से शुक्रवार को 78 लाख शेयरों के लिए बोली मिली। शापूरजी पलोनजी ऐंड कंपनी ने 1.25 फीसदी हिस्से का विनिवेश किया जबकि खुर्शीद दारूवाला ने 0.62 फीसदी हिस्सेदारी बेची। ओएफएस का फ्लोर प्राइस 270 रुपये प्रति शेयर तय किया गया था। कंपनी का शेयर 3.3 फीसदी टूटकर 279 रुपये पर बंद हुआ। जून तिमाही के आखिर में कंपनी में प्रवर्तकों की हिस्सेदारी 78.56 फीसदी थी। *बीएस*

**बालाजी स्पेशियलिटी केमिकल्स लाएगी आईपीओ :** बालाजी स्पेशियलिटी केमिकल्स ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिए कोष जुटाने के लिए बाजार नियामक सेबी के पास दस्तावेज जमा कराया है। मसौदा दस्तावेजों के मुताबिक आईपीओ के तहत 250 करोड़ रुपये तक के नए इक्विटी शेयर जारी किए जाएंगे। प्रवर्तक और प्रर्वतक समूह संस्थान 2,60,00,000 इक्विटी शेयरों की बिक्री पेशकश (ओएफएस) करेंगे। *भाषा*


DILIP BUILDCON LIMITED

Registered Office : Plot No. 5 Inside Govind Narayan Singh Gate, Chuna Bhatti, Kolar Road , Bhopal-462016, Madhya Pradesh CIN: L45201MP2006PLC018689

India's Largest Road Construction Company

19 States 1 Union Territory | Rs.25,160 Crores Order Book | 11,196 Equipments | 27,742 Employees

Extract of Statement of Standalone and Consolidated Financial Results

(₹ in lakhs)

Revenue 2,64,137 | PAT 1,980

(₹ in lakhs)

| Sr. No | Particulars | Standalone | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | Quarter ended | | | Year ended |
| | | 30-Jun-22 | 31-Mar-22 | 30-Jun-21 | 31-Mar-22 |
| | | Unaudited | Audited | Unaudited | Audited |
| 1 | Total Income from Operations (net) | 264,137.17 | 251,279.93 | 215,870.91 | 904,017.59 |
| 2 | Net Profit / (Loss) from ordinary activities after tax | 1,980.22 | 298.60 | 2,702.17 | (8,597.36) |
| 3 | Total Comprehensive income [Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | 2,059.96 | 1,516.53 | 2,527.75 | (6,724.07) |
| 4 | Equity share capital | 14,621.50 | 14,621.50 | 14,621.50 | 14,621.50 |
| 5 | Earnings Per Share (before extraordinary items)(of Rs. 10/- each)(not annualised):<br>(a) Basic<br>(b) Diluted | 1.36<br>1.36 | 0.20<br>0.20 | 1.88<br>1.88 | (5.91)<br>(5.91) |
| 6 | Earnings Per Share (after extraordinary items)(of Rs. 10/- each)(not annualised):<br>(a) Basic<br>(b) Diluted | 1.36<br>1.36 | 0.20<br>0.20 | 1.88<br>1.88 | (5.91)<br>(5.91) |

| Sr. No | Particulars | Consolidated | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | Quarter ended | | | Year ended |
| | | 30-Jun-22 | 31-Mar-22 | 30-Jun-21 | 31-Mar-22 |
| | | Unaudited | Audited | Unaudited | Audited |
| 1 | Total Income from Operations (net) | 290,622.81 | 266,889.55 | 245,336.35 | 960,481.56 |
| 2 | Net Profit / (Loss) from ordinary activities after tax | (5,510.94) | (4,109.53) | 2,973.54 | (54,967.59) |
| 3 | Total Comprehensive income [Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | (5,433.48) | (2,891.48) | 3,112.56 | (53,094.18) |
| 4 | Equity share capital | 14,621.50 | 14,621.50 | 14,621.50 | 14,621.50 |
| 5 | Earnings Per Share (before extraordinary items)(of Rs. 10/- each)(not annualised):<br>(a) Basic<br>(b) Diluted | (3.77)<br>(3.77) | (2.81)<br>(2.81) | 2.29<br>2.29 | (37.77)<br>(37.77) |
| 6 | Earnings Per Share (after extraordinary items)(of Rs. 10/- each)(not annualised):<br>(a) Basic<br>(b) Diluted | (3.77)<br>(3.77) | (2.81)<br>(2.81) | 2.29<br>2.29 | (37.77)<br>(37.77) |

Notes:

1. The above unaudited Standalone and Consolidated results were reviewed by the Audit Committee and were approved & taken on record by the Board of Directors at their meetings held on 12 August 2022.
2. TThe above unaudited financial results have been prepared in accordance with Indian Accounting Standards (Ind AS) as prescribed under Section 133 of the Companies Act, 2013 read with the relevant rules thereunder and other accounting principles generally accepted in India. These results have been subjected to limited review by the Statutory Auditors.
3. The above is an extract of the detailed format of Quarterly and Nine months period ended Financial Results filed with the Stock Exchange under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Financial Results are available on the Stock Exchanges website www.bseindia.com and www.nseindia.com and on the Company's website, www.dilipbuildcon.com.
4. Figures for the earlier periods have been regrouped wherever necessary.

For and on behalf of the Board of Directors of Dilip Buildcon Limited

Dilip Suryavanshi
Managing Director
DIN - 00039944

Place: Bhopal
Date: 12 August 2022



पी एफ सी PFC

पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड

(एक महारत्न कंपनी)

ऊर्जानिधि, 1, बाराखंबा लेन, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली–110001, वेबसाइट: https://www.pfcindia.com

सीआईएन L65910DL1986GOI024862

आज़ादी का अमृत महोत्सव

30.06.2022 को समाप्त तिमाही के लिए एकल (स्टैंडअलोन) एवं समेकित अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों के विवरण का सार

(₹ करोड़ में)

| क्र सं. | विवरण | एकल (स्टैंडअलोन) | | |
|---|---|---|---|---|
| | | समाप्त तिमाही | | समाप्त वर्ष |
| | | 30.06.2022 | 30.06.2021 | 31.03.2022 |
| | | अलेखापरीक्षित | अलेखापरीक्षित | लेखापरीक्षित |
| 1 | प्रचालनों से कुल आय | 9,033.52 | 9,325.61 | 38,545.40 |
| 2 | अवधि के लिए निवल लाभ/(हानि) (कर एवं असाधारण मदों से पूर्व) | 2,539.89 | 2,759.54 | 12,227.65 |
| 3 | अवधि के लिए कर पूर्व निवल लाभ/(हानि) (असाधारण मदों के पश्चात) | 2,539.89 | 2,759.54 | 12,227.65 |
| 4 | अवधि के लिए कर पश्चात निवल लाभ/(हानि) (असाधारण मदों के पश्चात) | 2,109.52 | 2,273.59 | 10,021.90 |
| 5 | अवधि के लिए कुल व्यापक आय [इसमें अवधि के लिए लाभ/(हानि) (कर पश्चात) तथा अन्य व्यापक आय (कर पश्चात) शामिल हैं] | 1,894.39 | 2,390.29 | 10,202.73 |
| 6 | प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी (अंकित मूल्य ₹10/– प्रत्येक) | 2,640.08 | 2,640.08 | 2,640.08 |
| 7 | अन्य इक्विटी (31 मार्च के लेखापरीक्षित तुलन–पत्र के अनुसार) | लागू नहीं | लागू नहीं | 56,710.20 |
| 8 | प्रतिभूति प्रीमियम लेखा | 2,776.54 | 2,776.54 | 2,776.54 |
| 9 | नेट वर्थ | 61,059.91 | 54,738.75 | 59,350.28 |
| 10 | प्रदत्त ऋण पूंजी/बकाया ऋण | 3,14,469.92 | 3,23,131.43 | 3,20,128.13 |
| 11 | निवल ऋण इक्विटी अनुपात | 5.15 | 5.82 | 5.38 |
| 12 | प्रति शेयर अर्जन (ईपीएस) (अंकित मूल्य ₹10/–प्रत्येक) (आगे जारी रहने वाले एवं बंद प्रचालनों के लिए)*<br>(क) मूल ईपीएस (₹ में)<br>(ख) तनुकृत ईपीएस (₹ में) | <br>7.99<br>7.99 | <br>8.61<br>8.61 | <br>37.96<br>37.96 |

(₹ करोड़ में)

| क्र सं. | विवरण | समेकित | | |
|---|---|---|---|---|
| | | समाप्त तिमाही | | समाप्त वर्ष |
| | | 30.06.2022 | 30.06.2021 | 31.03.2022 |
| | | अलेखापरीक्षित | अलेखापरीक्षित | लेखापरीक्षित |
| 1 | प्रचालनों से कुल आय | 18,532.25 | 18,965.18 | 76,261.66 |
| 2 | अवधि के लिए निवल लाभ/(हानि) (कर एवं असाधारण मदों से पूर्व) | 5,511.27 | 5,563.57 | 23,382.22 |
| 3 | अवधि के लिए कर पूर्व निवल लाभ/(हानि) (असाधारण मदों के पश्चात) | 5,511.27 | 5,563.57 | 23,382.22 |
| 4 | अवधि के लिए कर पश्चात निवल लाभ/(हानि) (असाधारण मदों के पश्चात) | 4,579.53 | 4,554.98 | 18,768.21 |
| 5 | अवधि के लिए कुल व्यापक आय [इसमें अवधि के लिए लाभ/(हानि) (कर पश्चात) तथा अन्य व्यापक आय (कर पश्चात) शामिल हैं] | 3,692.45 | 4,730.93 | 18,889.78 |
| 6 | प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी (अंकित मूल्य ₹10/– प्रत्येक) | 2,640.08 | 2,640.08 | 2,640.08 |
| 7 | अन्य इक्विटी (31 मार्च के लेखापरीक्षित तुलन–पत्र के अनुसार) | लागू नहीं | लागू नहीं | 69,036.16 |
| 8 | प्रति शेयर अर्जन (ईपीएस) (अंकित मूल्य ₹10/–प्रत्येक) (आगे जारी रहने वाले एवं बंद प्रचालनों के लिए)*<br>(क) मूल ईपीएस (₹ में)<br>(ख) तनुकृत ईपीएस (₹ में) | <br>12.94<br>12.94 | <br>13.18<br>13.18 | <br>53.08<br>53.08 |

*तिमाहियों के लिए ईपीएस वार्षिकीकृत नहीं हैं।

टिप्पणियाँ:

1. इन अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों की लेखापरीक्षा समिति द्वारा समीक्षा एवं सिफारिश की गई है और तदुपरांत कंपनी के निदेशक मंडल द्वारा दिनांक 12.08.2022 को आयोजित अपनी संबंधित बैठकों में अनुमोदन के बाद रिकॉर्ड कर लिया गया है। सेबी (सूचीबद्धता बाध्यताएं एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 के विनियम 33 एवं 52 के अनुसार दास गुप्ता एंड एसोसिएट्स, चार्टर्ड एकाउंटेंट्स एवं प्रेम गुप्ता एंड कंपनी, चार्टर्ड एकाउंटेंट्स द्वारा इनकी सीमित समीक्षा की गई है।
2. उपर्युक्त विवरण सेबी (सूचीबद्धता बाध्यताएं एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 के विनियम 33 एवं 52 के अंतर्गत स्टॉक एक्सचेंजों में दर्ज तिमाही समाप्त वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का सार है। तिमाही वित्तीय परिणामों का पूरा प्रारूप स्टॉक एक्सचेंजों की वेबसाइट www.nseindia.com एवं www.bseindia.com तथा कंपनी की वेबसाइट www.pfcindia.com पर उपलब्ध है।
3. निदेशक मंडल ने दिनांक 12.08.2022 को आयोजित अपनी बैठक में वित्तीय वर्ष 2022–23 के लिए प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी पर 22.5 प्रतिशत की दर से अर्थात् ₹10/– प्रत्येक के इक्विटी शेयर के लिए ₹2.25/– प्रति इक्विटी शेयर के अंतरिम लाभांश की घोषणा की है।
4. सेबी (एलओडीआर) विनियम, 2015 के विनियम 52(4) के अंतर्गत अपेक्षित अन्य लागू प्रकटीकरणों के लिए स्टॉक एक्सचेंजों की वेबसाइट (www.nseindia.com एवं www.bseindia.com) में दर्ज एवं कंपनी की वेबसाइट www.pfcindia.com पर वित्तीय परिणामों का विस्तृत प्रारूप देखें।

कृते एवं निदेशक मंडल की ओर से
हस्ता./–
(आर. एस. ढिल्लों)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
DIN - 00278074

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक: 12.08.2022

# सभी पंचायतों में पैक्स समितियां बनें : शाह

भाषा
नई दिल्ली, 12 अगस्त

**केंद्रीय** गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने आज कहा कि सहकारी समितियों के जरिये 10 लाख करोड़ रुपये का कृषि-ऋण मुहैया कराने के लिए देश भर में दो लाख से अधिक नई प्राथमिक कृषि ऋण सहकारी समितियों (पैक्स) के गठन की जरूरत है। शाह ने ग्रामीण सहकारी बैंकों के एक राष्ट्रीय सम्मेलन में कहा कि देश में फिलहाल 95,000 से अधिक पैक्स समितियां मौजूद हैं लेकिन उनमें से करीब 63,000 समितियां ही हैं। पैक्स समितियां कृषि क्षेत्र की कर्ज प्रणाली की आत्मा हैं लिहाजा उनका सशक्तीकरण और विस्तार जरूरी है। देश में तीन लाख पंचायतें हैं लेकिन पैक्स समितियां सिर्फ 95,000 ही है। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति में दो लाख से अधिक नई पैक्स समितियों के गठन की जरूरत है। शाह ने इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए राज्य सहकारी बैंकों और जिला केंद्रीय सहकारी बैंकों से एक पंचवर्षीय योजना बनाने को कहा।

यूको बैंक UCO BANK
सम्मान आपके विश्वास का
(भारत सरकार का उपक्रम)

प्रधान कार्यालय – II,
सूचना प्रौद्योगिकी विभाग
3 और 4, डीडी ब्लॉक, सेक्टर-1,
साल्ट लेक, कोलकाता – 700064

**निविदा की सूचना**

यूको बैंक निम्नलिखित मदों के लिए प्रस्ताव हेतु अनुरोध (आर.एफ.पी.) आमंत्रित करता है:-

1. ओपेक्स मॉडल पर शाखाओं और एटीएम के लिए समर्पित VSAT की आपूर्ति कमीशनिंग रखरखाव और प्रबंधन।
2. FEBA में यूजर इंटरफ़ेस और कस्टमाइजेशन में सुधार के लिए वेंडर का चयन।
3. बायोमेट्रिक उपकरणों की आपूर्ति, स्थापना और रखरखाव हेतु प्रस्ताव के लिए अनुरोध (दर-अनुबंध)।
4. यूपीएस सिस्टम्स की आपूर्ति, स्थापना और रखरखाव हेतु प्रस्ताव के लिए अनुरोध (दर-अनुबंध) (पुनः निविदा)।

किसी भी विवरण के लिए कृपया **https://www.ucobank.com** वेबसाइट पर देखें।

दिनांक : 13.08.2022
उप-महाप्रबंधक
सूचना प्रौद्योगिकी विभाग

**PUNJ LLOYD LIMITED (In Liquidation)**

**FOR SALE OF THE COMPANY AS A GOING CONCERN under the Insolvency and Bankruptcy Code, 2016**

Announcing the sale of "Punj Lloyd Limited (**"Company"** or **"Corporate Debtor"**)- In Liquidation" as a going concern pursuant to the Order of Hon'ble NCLT (New Delhi, Principal Bench) dated 27 May 2022 (**"Order"**). Pursuant to the aforementioned order, Mr. Ashwini Mehra has been appointed as the Liquidator of the Company.

The Liquidator, in furtherance of the Order and Invitation for Expression of Interest dated 28 June 2022 ("EOI"), is now issuing an invitation for submission of binding bid from Prospective Bidders for participation in the process for sale of the Company as a whole, on a going concern basis which shall be on an 'as is where is', 'as is what is', 'as is how is' and 'without any recourse' basis without any representation, warranty or indemnity by the Company, the Liquidator or any other person.

The Company incorporated in 1988, is a well-diversified business conglomerate, engaged in the business of Engineering, Procurement and Construction **("EPC")**, with geographic presence across India and Middle East Countries offering services in Energy and Infrastructure along with manufacturing capabilities in the defence sector.

Interested Bidders can procure more details about the sale process by submitting their Expression of Interest pursuant to the Invitation dated 28 June 2022 to **LQ.Punj@in.gt.com** with copy to **mehra.ashwini@gmail.com**, **surendra.raj@in.gt.com** and **gauav.khera@in.gt.com.**

The timelines for sale process of the Corporate Debtor on a going concern basis and other details are as follows:

**RELEVANT PARTICULARS**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the Corporate Debtor | **Punj Lloyd Limited** |
| 2. | Date of incorporation of Corporate Debtor | 26 September 1988 |
| 3. | Authority under which Corporate Debtor is incorporated / registered | MCA, RoC-Delhi |
| 4. | Corporate identity number / limited liability identification number of Corporate Debtor | L74899DL1988PLC033314 |
| 5. | Address of the registered office and principal office (if any) of Corporate Debtor | Punj Lloyd House17-18, Nehru Place New Delhi 110019 |
| 6. | Liquidation Commencement Date of the Corporate Debtor | Date of Order 27 May 2022, delivered on 31 May 2022 |
| 7. | Date of invitation for the submission of binding bids for acquisition of the Corporate Debtor as a going concern | 13 August 2022 |
| 8. | Asset Sale Process Memorandum for submission of Binding bids | The Interested Bidder, who have not submitted EOI, can submit it along with other required documents to the Liquidator on the email id **LQ.Punj@in.gt.com**. Copy of EOI is published on website of the Company (Refer - **http://punjlloydgroup.com/liquidation-documents**) Upon satisfaction of the eligibility criteria by the Liquidator, the detailed Asset Sale Process Memorandum shall be shared with the interested bidders. The Interested Bidders who have already submitted the EOI and meet the eligibility criteria will be shared Asset Sale Process Memorandum on their official emails. |
| 9. | Last date for the submission of binding bids | 26 August, 2022 |
| 10. | Name and registration number of the Liquidator | Mr. Ashwini Mehra Regn. No. - IBBI/IPA-001/IP-P00388/2017-18/10706 |
| 11. | Address and email to be used for correspondence with the Liquidator | Mr. Ashwini Mehra, Liquidator Punj Lloyd Limited, C/O Mr. Surendra Raj Gang GT Restructuring Services LLP, L-41, Connaught Circus, New Delhi - 110001, E: **LQ.Punj@in.gt.com** |
| 12. | Earnest Money Deposit to be submitted along with the Binding Bids | INR 10 Crore |
| 13. | Communication of Reserve Price to Qualified Bidders | 5 September 2022 |
| 14. | Tentative date of e-auction | 6 September 2022 |
| 15. | E-auction portal | The Auction Sale will be done through the E-Auction platform: **https://ncltauction.auctiontiger.net**. |

The Liquidator reserves the right to amend the key terms of the sale process including timelines for the Going Concern Sale Process to the extent permissible under the applicable laws and regulations. Any information about amendments /extension of any of the timelines will be available on the Corporate Debtor's website and communicated to the Qualified/ Successful Bidder.

Nothing contained herein shall constitute a binding offer or a commitment for sale of the Company as a whole, on a going concern basis.

**Ashwini Mehra**
(Reg No. IBBI/IPA-001/IP-P00388/2017-18/10706)
(Liquidator)
**Punj Lloyd Limited - In Liquidation**
Correspondence Address:
Mr. Ashwini Mehra, Liquidator
Punj Lloyd Limited
C/O Mr. Surendra Raj Gang
GT Restructuring Services LLP
L-41, Connaught Circus, New Delhi - 110001, E: **LQ.Punj@in.gt.com**
**Registered address of Insolvency Professional with IBBI:**
C 1201, Salarpuria Magnificia, Old Madras Rd. Bangalore-560016, E: **Mehra.Ashwini@gmail.com**

Date : 13 August, 2022
Place: New Delhi

**NLC India Limited**
'Navratna' - Government of India Enterprise
No-135, EVR Periyar High Road, Kilpauk, Chennai-600 010, Tamil Nadu, India
CIN No.: L93090TN1956GOI003507, Website : www.nlcindia.in
CREATING WEALTH FOR WELLBEING

**Extract of the Un-audited Financial Results for the Quarter ended June 30, 2022**

(₹ Crore unless otherwise stated)

| Sl. No. | PARTICULARS | Standalone | | | | Consolidated | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Quarter Ended | | | Year Ended | Quarter Ended | | | Year Ended |
| | | 30.06.2022 (Un-audited) | 31.03.2022 (Audited) | 30.06.2021 (Un-audited) | 31.03.2022 (Audited) | 30.06.2022 (Un-audited) | 31.03.2022 (Audited) | 30.06.2021 (Un-audited) | 31.03.2022 (Audited) |
| 1 | Total Income from Operations | 3,094.46 | 2,579.26 | 2,359.96 | 9,856.48 | 3,862.91 | 3,085.89 | 3,036.46 | 11,947.94 |
| 2 | Net Profit / (Loss) for the period before Tax (before Exceptional & Rate Regulated Activity) | 942.69 | 379.11 | 362.64 | 1,943.06 | 1,026.00 | 315.00 | 464.69 | 1,868.39 |
| 3 | Net Profit / (Loss) for the period before Tax (after Exceptional & Rate Regulated Activity) | 757.15 | 495.11 | 424.35 | 2,606.42 | 854.08 | 406.61 | 563.36 | 2,603.14 |
| 4 | Net Profit / (Loss) for the period after Tax | 506.08 | 439.73 | 267.22 | 1,236.78 | 568.83 | 331.16 | 357.59 | 1,115.65 |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period [comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | 513.79 | 457.84 | 266.97 | 1,263.54 | 577.07 | 350.31 | 357.32 | 1,143.88 |
| 6 | Paid-up Equity Share Capital (Face Value of ₹ 10/- each) | 1,386.64 | 1,386.64 | 1,386.64 | 1,386.64 | 1,386.64 | 1,386.64 | 1,386.64 | 1,386.64 |
| 7 | Other Equity excluding Revaluation Reserve | 12,933.80 | 12,420.00 | 12,455.01 | 12,420.00 | 13,372.45 | 12,802.54 | 13,060.33 | 12,802.54 |
| 8 | Securities Premium Account | - | - | - | - | - | - | - | - |
| 9 | Net Worth | 14,205.83 | 13,693.06 | 13,739.81 | 13,693.06 | 14,644.48 | 14,075.60 | 14,345.29 | 14,075.60 |
| 10 | Paid up Debt Capital | 9,963.82 | 10,239.03 | 14,212.31 | 10,239.03 | 22,292.10 | 22,058.37 | 26,307.09 | 22,058.37 |
| 11 | Outstanding Redeemable Preference Shares | - | - | - | - | - | - | - | - |
| 12 | Debt Equity Ratio | 0.70 | 0.75 | 1.03 | 0.75 | 1.52 | 1.57 | 1.83 | 1.57 |
| 13 | Debt Service Coverage Ratio | 2.91 | 2.00 | 1.05 | 1.47 | 2.20 | 1.72 | 1.10 | 1.35 |
| 14 | Capital Redeemption Reserve | 291.07 | 291.07 | 291.07 | 291.07 | 291.07 | 291.07 | 291.07 | 291.07 |
| 15 | Debenture Redeemption Reserve | - | - | - | - | - | - | - | - |
| 16 | Interest Service Coverage Ratio | 7.42 | 6.97 | 4.62 | 5.78 | 6.83 | 5.77 | 4.70 | 5.19 |
| 17 | Earnings per Equity Share (of Rs.10 each) from continuing operations (before adjustment of Net Regulatory Deferral Balances): Basic and diluted (in ₹) | 4.56 | 2.48 | 1.56 | 7.29 | 4.96 | 1.89 | 1.99 | 6.05 |
| 18 | Earnings per Equity Share (of Rs.10 each) from continuing operations (after adjustment of Net Regulatory Deferral Balances): Basic and diluted (in ₹) | 3.65 | 3.17 | 1.93 | 8.92 | 4.10 | 2.39 | 2.58 | 8.05 |

Note: The above is an extract of the detailed format of Quarter Ended Unaudited financial results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 and 52 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarter Ended Unaudited financial results are available on the Stock Exchanges websites at **www.nseindia.com** & **www.bseindia.com** and on company's website i.e. **www.nlcindia.in**

Place: Neyveli
Date : 12.08.2022

Visit our website: **www.nlcindia.in**

For NLC India Limited
RAKESH KUMAR
Chairman cum Managing Director

PUBLIC SECTOR IS YOURS - HELP IT TO HELP YOU

# स्वतंत्रता दिवस पर शानदार बिक्री की आस

शार्लीन डिसूजा
मुंबई, 12 अगस्त

**दे**श को आजादी मिले 75 वर्ष पूरे हो गए हैं और खुदरा कारोबारी इस थीम को भुनाने की कवायद में जुट गए हैं। खुदरा विक्रेता या तो सीजन की अपनी बिक्री के अंतिम चरण में हैं या अगले 3 दिन तक भारी छूट की पेशकश कर रहे हैं। कुछ रिटेलरों ने सीधे 50 प्रतिशत छूट की पेशकश की है। वहीं कुछ अन्य अपने थीम के साथ हैं और 75 प्रतिशत तक छूट की पेशकश कर रहे हैं।

पेपे जींस इंडिया के सीईओ मनीष कपूर ने बिजनेस स्टैंडर्ड से कहा, 'अब हम इस सीजन की बिक्री के अंतिम दौर में हैं, ऐसे में हमने अपनी इन्वेंट्री के 35-40 प्रतिशत पर बिक्री के आखिरी 3 दिन में सपाट 50 प्रतिशत छूट की पेशकश की है।'

अन्य कई प्रमुख ब्रांडों ने भी अपने कुछ ब्रांड पर अगले 3 दिन के लिए छूट की पेशकश की है। कंपनियों ने अपने सीजन की अंतिम बिक्री पिछले महीने पूरी की है और अब इस सप्ताहांत के लिए पेशकश कर रही हैं। एल्डो एक उत्पाद खरीदने पर दूसरे पर 75 प्रतिशत छूट (चुनिंदा उत्पादों पर) देने की पेशकश कर रही है। वहीं बेवरली हिल्स पोलो क्लब अपने चुनिंदा उत्पादों पर 50 प्रतिशत छूट दे रही है। आरएंडबी अपनी अलग पेशकश चला रही है, जिसके तहत 2,500 रुपये का सामान खरीदने पर 1,250 रुपये का वाउचर मिल रहा है।

खुदरा कारोबारियों ने पहले ही जून महीने में सीजन की आखिरी बिक्री शुरू कर दी है और दो साल के बाद जोरदार बिक्री के कारण छूट पर उपलब्ध स्टॉक कम था और ग्राहकों ने पूरी कीमत वाले सामान खरीदने का विकल्प चुना। ब्रांडों ने बिक्री की अवधि भी घटाई है और छूट वाला स्टॉक कम रखा है। विजय सेल्स 70 प्रतिशत तक की छूट की पेशकश कर रही है, लेकिन उसके ज्यादातर उत्पादों पर औसत छूट 10 से 20 प्रतिशत है। विजय सेल्स के एमडी नीलेश गुप्ता ने कहा, 'हम उम्मीद कर रहे हैं कि पिछले साल के स्वतंत्रता दिवस की तुलना में बिक्री 20 से 22 प्रतिशत ज्यादा रहेगी।' उन्होंने यह भी कहा कि अगले 3 दिन के लिए आकर्षक बाईबैक और कैशबैक की पेशकश भी जा रही है।

रिलायंस डिजिटल भी डिजिटल इंडिया सेल के नाम से बिक्री की पेशकश कर रही है। कंपनी ने अपनी सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि सिटीबैंक आईसीआईसीआई, कोटक बैंक के डेबिट व क्रेडिट कार्ड पर 10 प्रतिशत तत्काल छूट मिलेगी, इसके अलावा अगली खरीद पर 10 प्रतिशत डिस्काउंट का वाउचर मिलेगा। क्रोमा भी स्वतंत्रता दिवस की बिक्री की पेशकश कर रही है।

डीएलएफ रिटेल की कार्यकारी निदेशक पुष्पा बेक्टर ने कहा, 'बिक्री अच्छी रही है और हम निश्चित रूप से बिक्री में तेजी की उम्मीद कर रहे हैं। हम उम्मीद कर रहे हैं कि रविवार को भीड़ बढ़ेगी। महामारी की तुलना में बिक्री पहले ही 20 प्रतिशत ज्यादा है और हम बेहतर सप्ताहांत की उम्मीद कर रहे हैं।' उन्होंने कहा कि सीजन की अंतिम बिक्री और स्वतंत्रता दिवस एक साथ है और खुदरा कारोबारी भारी छूट की पेशकश कर रहे हैं। वीमार्ट के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक ललित अग्रवाल ने कहा कि रक्षा बंधन और स्वतंत्रता दिवस की बिक्री एक साथ आने से बेहतर प्रतिक्रिया मिल रही है। रिटेल चेन एक खरीदें, एक मुफ्त पाएं जैसी पेशकश कर रही है और साथ ही महा बचत का डबल ऑफर भी चल रहा है।



### रिटेलर्स को उम्मीद

- स्वतंत्रता दिवस पर कई ब्रांड अपने उत्पादों पर दे रहे हैं भारी छूट
- पेपे जींस अपने 35-40 फीसदी उत्पादों पर 50 फीसदी की छूट दे रही
- एल्डो चुनिंदा उत्पादों पर एक खरीदें व दूसरे पर 75 फीसदी की छूट दे रहा
- चुनिंदा उत्पादों पर बेवरली हिल्स पोलो क्लब 50 फीसदी की छूट ग्राहकों को दे रही है

# अब अवैध उधारी ऐप की समस्या हो जाएगी खत्म

सुब्रत पांडा और पीरजादा अबरार
मुंबई, 12 अगस्त

**भारतीय** रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा पेश किए गए डिजिटल ऋण संबंधी दिशानिर्देश को फिनटेक और डिजिटल ऋण की दुनिया में सकारात्मक रूप में लिया जा रहा है, क्योंकि इसके कड़े नियम की वजह से हाशिये के समाज को उधारी देने में लगी अवैध इकाइयों पर लगाम लग सकेगी। बहरहाल उद्योग के कारोबारियों का मानना है कि नए ढांचे का अनुपालन करने से अनुपालन लागत बढ़ सकती है और उनके कारोबारी मॉडल में परिचालन संबंधी जटिलता आ सकती है। उनका कहना है कि इसकी वजह से इस क्षेत्र में वृद्धि में कुछ समय के लिए सुस्ती आ सकती है।

उद्योग संघों फिनटेक एसोसिएशन फार कंज्यूमर इंपावरमेंट (फेस) और डिजिटल लेंडर एसोसिएशन आफ इंडिया (डीएलएआई) रिजर्व बैंक से संपर्क कर सकते हैं, जिससे कि व्याख्या संबंधी किसी विसंगति को दूर किया जा सके और उनके सदस्य नियामक द्वारा तय जरूरतें पूरी करने के लिए कदम उठा सकें।



नियामक ने डिजिटल ऋण ऐप (डीएलए) और ऋण सेवा प्रदाताओं (एलएसपी) के लिए स्व नियामकीय संगठनों (एसआरओ) की स्थापना, को लेकर आगे और जांच की बात कही है, इन तमाम मसलों पर उद्योग संगठन नियामक से बातचीत जारी रखेंगे। मैकक्वैरी रिसर्च के सुरेश गणपति और परम सुब्रमण्यन ने अपनी रिपोर्ट में कहा है, 'इससे अनुपालन लागत और फिनटेक फर्मों के कारोबार के मॉडल की परिचालन संबंधी जटिलता बढ़ेगी। इसके सही सही असर को निर्धारित करना संभव नहीं है, लेकिन कुछ दिशानिर्देशों को लागू करने की कवायद में फिनटेक फर्मों की वृद्धि में कुछ सुस्ती आ सकती है।' डीएलएआई के अध्यक्ष और जेस्टमनी के सीईओ व सहसंस्थापक लिजी चैपमैन ने कहा. 'दिशानिर्देशों ने यह साफ कर दिया है कि भारत ऐसा देश नहीं होगा, जहां नियामकीय खामियों का लाभ उठाकर कारोबार बढ़ाया जा सकता है।'

डीएलएआई के उपाध्यक्ष और फ्रेओ के सह संस्थापक अनुज कक्कड़ ने बिज़नेस स्टैंडर्ड से कहा, 'उद्योग के हिसाब से यह सकारात्मक है क्योंकि नियामक ने यह निर्धारित किया है कि इसके हिस्सेदार किस तरह से काम करेंगे और सुनिश्चित किया है कि नवोन्मेष को दबाया न जाए।'

फेस की सीईओ सुगंध सक्सेना ने कहा, 'एसआरओ फ्रेमवर्क पर सावधानी से विचार किए जाने की जरूरत है। अब तक हमने एसआरओ का अनुभव सिर्फ एक सेग्मेंट एनबीएफसी-एमएफआई में लिया है। जब नियामक किसी इकाई या उत्पाद के बजाय किसी गतिविधि (डिजिटल उधारी) पर लागू होने वाले व्यापक दिशानिर्देशों के साथ आता है, तो कई विचार सामने आते हैं।' सुगंध ने कहा कि हम अभी नियमन का अध्ययन कर रहे हैं और देख रहे हैं कि कहां स्पष्टीकरण की जरूरत है।

# 'रिकवरी एजेंट से कर्जदारों का उत्पीड़न नहीं कराएं'

भास्कर दत्त
मुंबई, 12 अगस्त

**भारतीय** रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बैंकों, गैर बैंकिंग वित्तीय संस्थानों सहित नियमन के दायरे में आने वाली इकाइयों को सलाह दी है कि यह कड़ाई से सुनिश्चित किया जाए कि वे और उनके रिकवरी एजेंट कर्ज वसूली की कवायद में किसी को डराने या उत्पीड़न करने का काम न करें।

रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को जारी एक परिपत्र में कहा है कि ऐसा पाया गया है कि नियमन वाली इकाइयों द्वारा नियुक्त रिकवरी एजेंट वित्तीय सेवाओं की आउटसोर्सिंग को नियंत्रित करने वाले निर्देशों का पालन नहीं कर रहे हैं।

इन चिंताओं पर विचार करते हुए रिजर्व बैंक ने नियमन वाली इकाइयों से कहा है, 'वे या उनके एजेंट ऋण वसूली की कवायद में किसी तरह की धमकी या उत्पीड़न का सहारा नहीं लें, जिससे कर्ज लेने व्यक्ति को मौखिक या भौतिक रूप से किसी तरह का उत्पीड़न हो या उनके या उनके परिवार के सदस्यों की निजता का उल्लंघन या सार्वजनिक रूप से उनका अपमान हो। इसमें उनके मित्रों से पूछताछ, मोबाइल या सोशल मीडिया के माध्यम से अनुचित संदेश भेजना, धमकी देना या गुमनामी कॉल करना शामिल है।' नियमन के दायरे में आने वाली इकाइयों से रिजर्व बैंक ने उधारी लेने वालों को सुबह 8 बजे के पहले और शाम 7 बजे के बाद कॉल न करने को भी कहा है। इसमें यह भी गया है कि उधारी लेने वाले गलत या भ्रामक अभ्यावेदन के अधीन नहीं हैं। रिजर्व बैंक ने कहा है कि इस सिलसिले में कोई भी उल्लंघन गंभीरता से लिया जाएगा।

केंद्रीय बैंक का परिपत्र स्थानीय क्षेत्र के बैंक, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक और लघु वित्त बैंक सहित सभी वाणिज्यिक बैंकों पर लागू होता है। रिजर्व बैंक ने कहा है कि भुगतान बैंक इसके दायरे से बाहर हैं। यह परिपत्र हाउसिंग फाइनैंस कंपनियों सहित सभी गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियों पर लागू है। एग्जिम बैंक, राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक, नैशनल हाउसिंग बैंक, भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक, नैशनल बैंक फॉर फाइनैंसिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर ऐंड डेवलपमेंट सहित अखिल भारतीय वित्तीय संस्थान भी इसके दायरे में हैं। सभी प्राथमिक शहरी सहकारी बैंक, राज्य सहकारी बैंक और जिला केंद्रीय सहकारी बैंक और संपत्ति पुनर्गठन कंपनियों को भी इस परिपत्र का पालन करना होगा। यह परिपत्र माइक्रोफाइनैंस ऋण पर नहीं लागू होगा।



### बैंकों को सलाह

- ऋण वसूली की कवायद में उधार लेने वालों को रिकवरी एजेंट किसी भी तरह की धमकी नहीं दे सकते हैं
- सुबह 8 बजे से पहले और शाम 7 बजे के बाद कर्जदारों को फोन नहीं करें
- मोबाइल या सोशल मीडिया के माध्यम से धमकी और गलत संदेश कर्जदारों को नहीं भेजें

# सेज को बुनियादी ढांचे का दर्जा देने की योजना

श्रेया नंदी
नई दिल्ली, 12 अगस्त

**केंद्र** सरकार विशेष आर्थिक क्षेत्रों (एसईजेड) के लिए प्रस्तावित संवर्धित कानून 'डेवलपमेंट (इंटरप्राइज ऐंड सर्विस) हब बिल, 2022' के तहत आने वाले विनिर्माण व सेवा केंद्रों से जुड़ी गतिविधियों को आसान वित्तपोषण की सुविधा देने की योजना बना रही है। यह उन्हें बुनियादी ढांचे का दर्जा देकर दिया जाएगा, जैसा कि सड़क, रेल, जलमार्ग, हवाईअड्डों के लिए मिलता है। बुनियादी ढांचे का दर्जा मिलने से उनकी वित्त तक पहुंच सुधरेगी और कर्जदाताओं से आसान मानकों पर दीर्घावधि उधारी मिल सकेगी। सरकार चल रहे मॉनसून सत्र में देश विधेयक पारित होने की उम्मीद कर रही है। इस मामले से जुड़े लोगों ने बिजनेस स्टैंडर्ड को बताया कि यह विधेयक पारित होने के बाद वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग से परामर्श कर वाणिज्य मंत्रालय नियमों को अंतिम रूप देने के लिए बारीकी से काम करेगा और इसे बुनियादी ढांचा उपक्षेत्र की मौजूदा मास्टर लिस्ट में शामिल किया जाएगा।

## बीएस सूडोकू 4434

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | | | 7 | |
| 1 | | 4 | 7 | | 9 | | 5 | |
| | | 8 | | 1 | | | | 3 |
| | 1 | | | | | | | |
| | | 3 | | 4 | 8 | | | |
| | | | 5 | | | | 2 | |
| 5 | | | | 2 | | | | 1 |
| 4 | 9 | | | | | | | |
| | | | 4 | | 7 | 6 | | |

## परिणाम संख्या 4433

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | 2 | 3 | 9 | 5 | 7 | 1 | 8 |
| 8 | 1 | 3 | 6 | 7 | 2 | 5 | 4 | 9 |
| 7 | 5 | 9 | 1 | 8 | 4 | 6 | 3 | 2 |
| 3 | 2 | 5 | 9 | 1 | 8 | 4 | 6 | 7 |
| 1 | 4 | 8 | 5 | 6 | 7 | 9 | 2 | 3 |
| 6 | 9 | 7 | 4 | 2 | 3 | 8 | 5 | 1 |
| 9 | 3 | 1 | 8 | 4 | 6 | 2 | 7 | 5 |
| 2 | 8 | 6 | 7 | 5 | 1 | 3 | 9 | 4 |
| 5 | 7 | 4 | 2 | 3 | 9 | 1 | 8 | 6 |

**कैसे खेलें ?**
हर रो, कॉलम और 3 के बाई 3 के बॉक्स में 1 से लेकर 9 तक की संख्या भरें।

**बहुत आसान**
★☆☆☆☆

# क्षेत्रीय मंडियों के भाव

दिल्ली | उत्तर प्रदेश | राजस्थान | पंजाब

**दिल्ली**
सराफा : दिल्ली में सोना 90 रुपया गिरकर 52,915 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। पिछले कारोबारी सत्र में पीली धातु का भाव 53,005 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा था। इस दौरान चांदी की कीमत भी 374 रुपये के नुकसान के साथ 59,166 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई। पिछले कारोबारी दिवस पर चांदी 59,540 रुपये प्रति किलो के भाव पर रही थी। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना और चांदी दोनों ही लगभग स्थिर भाव पर रहे। सोना 1,789 डॉलर प्रति औंस पर रहा जबकि चांदी 20.37 डॉलर प्रति औंस पर मौजूद रही।

**लखनऊ**
गेहूं दड़ा 2290/2300, गेहूं शरबती 3300/3500, चावल शरबती सेला 5300/5500, स्टीम 6000/6100, लालमती 6200/6300, चावल (सोना) 4600/4800, दाल अरहर सवा नं. 9600/10000, पटका 10600/11000, रिजैक्शन 7200/7400, चना दाल 5700/5800, चना देशी छना 5800/5900, चना चापा छना 6000/6100, एग्रो प्योर बेसन 2380, मटर देशी 5400/5600, उड़द साबुत (काला)8700/9800, दाल उड़द (काली) 8800/10000, उड़द धोया 9500/10600, मसूर छोटी 7300/7500, मलका 8400/8600, किरानाः जीरा 23400/25700, लालमिर्च गुंटूर 22500/31000, हल्दी निजाम फली (50 किलो) 5000/5200, धनिया एमपी 12200/13600, छोटी इलायची (किलो) 780/1450, बड़ी इलायची 625/645, कालीमिर्च (किलो) 620/660, सुपारी (किलो) 470/520, सौंफ मोटी 15200/17500, मंगरैल 15500/16500, चिरौंजी (किलो) 1100/1200, मखाना 380/570

**कानपुर**
गेहूं लूज 2300/2325, जौ 3000/3050, चावल मसूरी 2600/2700, चावल मोटा 2325/2425, देशी चना 5200/5300, चना छना 5800/5900, दाल चना 5950/6050, देशी मटर 4800/4850, पिचकी 3400/3500, मटर दाल 4800/4900, अरहर लेमन 8000/8010, दाल अरहर 10700/11300, स्पेशल 10400/10600,उड़द एसक्यू 8800/8825, एफएक्यू 7750/7760, राजमा चित्रा 9300/13600, मूंग 6400/6600, मसूर छोटी 6950/7200, छांटी 8300/8600, सरसों 6300/6400, तिल सफेद 10000/10100, सोया (टीन) 2350/2375, तेल सरसों कच्ची घानी वैट पेड (टीन)2200/2300, सरसों खल 2600/2650, पामोलिन 2350/2400, वनस्पति घी (यूपी एफओआर) 1850/1900, मधुसूदन देशी घी 8600, वासुदेव 8450, परम प्रीमियम 8600, पदम श्री 8500, लीलाधर 8500, अलसी 7200/7300, धनियाः लोकल 12800/13000, राजस्थान 13200/13400, बढ़िया 13700/13900, हल्दी 7800/10200, जीरा 23000/25100, अजवायन 12500/16500, मेथी 6000/6300, मखाना 350/500, कालीमिर्च (किलो) 600/640, लालमिर्च (किलो) तेजा 235/310, (334) न. 195/208, सुपारी (किलो) केरल 470/520, कर्नाटक चिकनी 500/520, गोला 20500/24000

**चंदौसी**
(प्रति किलो): मैन्था ऑयल 1158, बोल्ड क्रिस्टल (12 नं.)1135, फ्लैक 1095, डीएमओ 915, टरपीन लैस बोल्ड 1150

**जयपुर**
दाल (जीएसटी अतिरिक्त): मूंग मोगर 8200/8300, मोटा 8600/8800, उड़द मोगर 9500/9700, मोटा 10100/10500, चौला मोगर &, मोठ मोगर 7800/8000, मूंग दाल छिलका देशी 8100/8200, मलका 8400/8500, अरहर 9800/10600, मटर दाल 6000/6500, चना दाल मीडियम 5400/5500, बोल्ड 5600/5700, दलहनः उड़द साबुत देशी 7200/7300, मटर सफेद &, मोठ साबुत 6300/6400, काबली चना 7700/8500, चना (डिली.) 4975/5000, मूंग 6400/6500, राजमा शर्मिली 10000/10500, राजमां चित्रा 12500/13500, किरानाः हल्दी निजामाबाद 7600/8000, सांगली 8500/9300, हल्दी राजापुरी 13000/15800, लालमिर्च 24800/33000, कालीमिर्च (किलो) 550/650, धनिया 12800/14800, जीरा 24700/29000, अजवायन 14000/25000, सौंफ 16000/24000, मेथी 6000/6500, मेथी मशीन क्लीन 6900/7000,

**खन्ना**
जीएसटी अतिरिक्त (प्रति क्विं.): राइसब्रान (खाद्य)(प्रति प्वाइंट)200, राइसब्रान (अखाद्य) 195, खल सरसों 2700, डीओसीः राइसब्रान बैच सफेद 1800, लाल &, कंटीन्यूअस 1780, सरसों (टन) 21000, सूरजमुखी (टन) 24500, अनाजः गेहूं 2350/2400, आटा (50 किलो)1350, मैदा 1450, **एनएनएस**

**डिस्क्लेमर..** बिज़नेस स्टैंडर्ड में प्रकाशित समाचार रिपोर्ट और फीचर लेखों के माध्यम से बाजारों, कॉरपोरेट जगत और सरकार से जुड़ी घटनाओं की निष्पक्ष तस्वीर पेश करने का प्रयास किया जाता है। बिज़नेस स्टैंडर्ड के नियंत्रण एवं जानकारी से परे परिस्थितियों के कारण वास्तविक घटनाक्रम भिन्न हो सकते हैं। समाचार पत्र में प्रकाशित रिपोर्टों के आधार पर पाठकों द्वारा किए जाने वाले निवेश और लिए जाने वाले कारोबारी निर्णयों के लिए बिज़नेस स्टैंडर्ड कोई जिम्मेदारी नहीं लेता है। पाठकों से स्वयं निर्णय लेने की अपेक्षा की जाती है। बिज़नेस स्टैंडर्ड के सभी विज्ञापन सद्‌भाव में स्वीकार किए जाते हैं। इनके साथ बिज़नेस स्टैंडर्ड न तो जुड़ा हुआ है और न ही उनका समर्थन करता है। विज्ञापनों से संबंधित किसी भी प्रकार का दावा संबंधित विज्ञापनदाता से ही किया जाना चाहिए। मै. बिज़नेस स्टैंडर्ड प्रा. लि. का सर्वाधिकार सुरक्षित है बिज़नेस स्टैंडर्ड प्रा. लि. से लिखित अनुमति लिए बगैर समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी सामग्री का किसी भी तरह प्रकाशन या प्रसारण निषिद्ध है। किसी भी व्यक्ति या वैधानिक निकाय द्वारा इस प्रकार का निषिद्ध कार्य किए जाने पर दीवानी और फौजदारी कार्यवाही शुरू की जाएगी।

बिज़नेस स्टैंडर्ड
वर्ष 15 अंक 153

साप्ताहिक मंथन

टी. एन. नाइनन

# 'मुफ्त उपहारों' पर बहस

'मुफ्त उपहार बनाम विकास पर होने वाले व्यय' को लेकर चल रही बहस एक ऐसी बुनियादी समस्या की ओर इशारा करती है जिससे अर्थव्यवस्था को निपटना होता है: असीमित चाह और वैकल्पिक इस्तेमाल वाले सीमित साधनों के बीच का रिश्ता। क्या आप बेहतर विद्यालयों में निवेश के लिए बिजली की सब्सिडी का त्याग करेंगे? या फिर आपको और अधिक राजमार्ग बनाने तथा स्वास्थ्य बजट बढ़ाने को प्राथमिकता देनी चाहिए? प्रधानमंत्री ने जब कहा कि मुफ्त उपहार यानी रेवड़ियां विकास की राह में रोड़ा बन रही हैं।

हर क्षेत्र में मुफ्त उपहार हैं। शिक्षा, कल्याण से जुड़ा भुगतान और राजमार्ग आदि सभी में ऐसी बात है जिसे अर्थशास्त्री सकारात्मक आकार कहते हैं। इनकी सार्वजनिक उपयोगिता होती है जो व्यक्तिगत लाभ से परे जाती है। विद्यालयों में वितरित किए जाने वाले निःशुल्क मध्याह्न भोजन का क्या, जिसकी शुरुआत स्वर्गीय एमजी रामचंद्रन ने तमिलनाडु में बतौर मुख्यमंत्री की थी? उस बेहतरीन कोशिश का एक अनचाहा परिणाम यह हुआ था कि विद्यालयों में उपस्थिति सुधरी थी और बच्चों का स्वास्थ्य बेहतर होने से राज्य में जन्मदर नाटकीय रूप से कम हुई थी। यानी भोजन के रूप में जो कुछ मुफ्त में दिया गया उसका सामाजिक लाभ कहीं अधिक हुआ। सब्सिडी वाली रसोई गैस पर भी यही बात लागू होती है। इससे महिलाओं के स्वास्थ्य में सुधार हुआ। लेकिन क्या यह सब रोजगार गारंटी योजना की कीमत पर होना चाहिए?

ऐसे में मुद्दा निःशुल्क उपहारों का नहीं बल्कि सीमित साधनों की बदौलत उत्पन्न बाधा का है। यदि किसी सरकार के पास पैसा हो तो वह जो मुफ्त उपहार चाहे बांट सकती है। ठीक वैसे ही जैसा कि अरब के शेखों ने दशकों तक किया है। दिल्ली की आम आदमी पार्टी (आप) सरकार एक तय खपत सीमा तक निःशुल्क बिजली दे सकती है और स्कूलों में भी निवेश कर सकती है क्योंकि उसके पास नकदी की कमी नहीं है। लेकिन पंजाब का क्या जो देश के सर्वाधिक कर्जग्रस्त राज्यों में से एक है और जहां आप ने निःशुल्क बिजली देने का वादा किया है? हिमाचल प्रदेश का कर्ज भी पंजाब के आसपास ही है और आप वहां भी ऐसा ही वादा कर रही है। ऐसे हर चयन की कीमत होती है- कुछ अन्य योजनाओं पर व्यय कम होता है या कर्ज बढ़ता है। विकसित देशों में सामाजिक सुरक्षा, बेरोजगारी भत्ता आदि के रूप में जो भुगतान किया जाता है वह बजट का बहुत बड़ा हिस्सा होता है। ऐसे में बुनियादी विकास, शोध एवं भविष्य की वृद्धि के लिए निवेश की खातिर बहुत कम धनराशि बचती है। ये बातें एक कल्याणकारी राज्य को अव्यावहारिक बनाती हैं। ब्रिटेन में नैशनल हेल्थ सर्विस ध्वस्त होने के कगार पर है। सिंगापुर के संस्थापक स्वर्गीय ली कुआन यू ने कुछ सिद्धांत रखे थे: एक सरकार को इस प्रकार धन नहीं खर्च करना चाहिए कि वह भविष्य की पीढ़ियों के लिए बोझ पीछे छोड़ जाए। उन्होंने भारी भरकम निजी बचत पर जोर दिया जिनकी मदद से सिंगापुर में लोग सरकार द्वारा मुहैया कराए गए आवास खरीद सके। चिकित्सा क्षेत्र में आपात स्थितियों के लिए व्यक्तिगत स्वास्थ्य फंड भी बनाया गया। लोगों द्वारा सुविधाओं की कीमत चुकाने के बदले उन्होंने कम कर की पेशकश की। क्या किसी गरीब देश में ऐसा करना कारगर होगा? भारत में प्रधानमंत्री आवास योजना तथा स्वास्थ्य सुरक्षा योजना दोनों में सब्सिडी दी जाती है। तो केंद्रीय सब्सिडी कब राज्य की सब्सिडी से बेहतर हो जाती है?

यूरोप के बड़े हिस्से ने भी ली के रुख की अनदेखी की। वहां तो मानो जीवन पर्यन्त कल्याण कार्यक्रम के बदले ऊंचा कर सामाजिक मानक ही बन गया। 2008 के वित्तीय संकट के बाद ली की सलाह की और अधिक अनदेखी की गई और महामारी के बाद भी। एक के बाद एक तमाम देशों ने धनराशि न होने के बावजूद जमकर खर्च किया जिससे सार्वजनिक ऋण तथा जीडीपी का अनुपात काफी बढ़ गया। कुछ मामलों में तो वह जीडीपी का दोगुना और तीन गुना तक हो गया। इसका परिणाम भविष्य के कर के रूप में सामने आया। बढ़े हुए कर्ज पर ब्याज भुगतान भी बढ़ा और अब यह भारत समेत कई देशों को मुश्किल में डाल रहा है। ये वे देश हैं जहां ऋण-जीडीपी अनुपात 85 प्रतिशत का स्तर पार कर गया है जबकि आदर्श स्थिति में इसे 60 फीसदी होना चाहिए था। जब इस कर्ज में बड़े पैमाने पर अनचुकता बिजली सब्सिडी जोड़ दी जाए तो प्रधानमंत्री की चिंता सही साबित होती है।

हालांकि राज्य सरकारों के पास इसका प्रतिवाद है: राजकोषीय तंगी का सामना प्राथमिक तौर पर उन्हें ही करना पड़ता है क्योंकि केंद्र द्वारा उनके साथ साझा किया जाने वाला कर राजस्व नाटकीय रूप से कम हुआ है। अगर इसे सुधार दिया जाए तो राज्य अपने मुफ्त उपहारों का बोझ उठा लेंगे। मतदाताओं को भी दोष दीजिए जो भविष्य में बेहतर विद्यालय के अस्पष्ट वादों की तुलना में आज मिल रहे उपहार को तरजीह देते हैं। ऐसे में सर्वोच्च न्यायालय के फरमान या संसद के कानून पारित करने से कुछ नहीं होने वाला। उदाहरण के लिए राजकोषीय जवाबदेही कानून से भी कुछ हासिल नहीं हुआ। अब नरेंद्र मोदी ने इसे चुनौती दी है तो क्या वह इस गणित को बदल पाएंगे?

बिनय सिन्हा



# शहरीकरण व अचल संपत्ति आर्थिक वृद्धि में मददगार

**आर्थिक विकास तथा शहरीकरण में एक साथ चलने की प्रवृत्ति होती है। इस विषय में बता रहे हैं गुरबचन सिंह**

देश के सामने इस समय एक अहम चुनौती रोजगार की कमी तथा आर्थिक वृद्धि की अपेक्षाकृत धीमी गति की है। हमें ऐसे नये तौर तरीके अपनाने की जरूरत है जो इन दोनों मसलों को ध्यान में रखें। इस मोड़ पर हम शहरीकरण और अचल संपत्ति विकास को वृद्धि तथा रोजगार निर्माण के इंजन के रूप में अपना सकते हैं। यह क्यों और कैसे होगा?

आर्थिक विकास और शहरीकरण की प्रक्रिया साथ-साथ चलती है। हमारे देश में शहरीकरण की प्रक्रिया काफी धीमी रही है। भारत में शहरीकरण 34 प्रतिशत है जबकि चीन में यह इसका दोगुना यानी करीब 65 प्रतिशत है। ऐसे में हमारे देश में आर्थिक वृद्धि भी प्रभावित हुई है। अब शहरीकरण को अचल संपत्ति विकास की आवश्यकता है। अचल संपत्ति का विकास आर्थिक विकास का अहम तथा अनिवार्य अंग है। बहरहाल, अचल संपत्ति क्षेत्र को अक्सर विकास से जोड़कर देखने के बजाय वाणिज्यिक नजरिये से देखा जाता है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है।

शहरीकरण और अचल संपत्ति विकास के रोजगार और वृद्धि पर प्रत्यक्ष प्रभाव के अलावा, भी एक बड़ा किस्सा यहां शामिल है। अक्सर इस हकीकत को नहीं समझा जाता है कि देश के शहरों में मंजूरी प्राप्त और अच्छी गुणवत्ता वाली अचल संपत्ति प्रायः अमेरिका जैसे विकसित देश की तुलना में काफी अधिक महंगी होती है। यह बात उस समय तो खासतौर पर सही है जब हम बाजार विनिमय दर के बजाय क्रय शक्ति समता का इस्तेमाल करते हैं। अचल संपत्ति की यह ऊंची कीमत, कमजोर गुणवत्ता और खराब शहरी नियोजन आदि ने देश में इस कारोबार में प्रवेश तथा इसके विस्तार की सहजता को मुश्किल बनाया है।

ज्यादा विशिष्ट तरीके से बात करें तो देश के वर्तमान तथा नये शहरों में अचल संपत्ति का बड़े पैमाने पर विकास किया जाए तो न केवल कार्यालयों के लिए बहुत जगह निकल सकती है बल्कि खुदरा कारोबार, थोक कारोबार, वितरण, भंडारण, वित्तीय तथा बीमा सेवाओं, स्टार्टअप, वर्कशॉप, गैस स्टेशन आदि के लिए बहुत अधिक व्यवस्था बन सकती है। यह सब उचित दरों पर तथा संगठित तौर तरीकों से किया जा सकता है। इसके अलावा हम सस्ते आवास बना सकते हैं जिनकी बदौलत शहरों में किराये की लागत कम की जा सकती है। शहरीकरण तथा अचल संपत्ति का विकास और अधिक शैक्षणिक संस्थाओं, क्लीनिक्स और अस्पतालों, वृद्धाश्रमों, पालनाघर, सार्वजनिक सेवाओं के लिए कार्यालय, मनोरंजन और स्वागत केंद्रों, खेल इकाइयों, खानपान की जगह, बस अड्डों, ट्रेन स्टेशन, हवाई अड्डों, कचरा निस्तारण की जगह, फिल्म स्टूडियो, जानवरों के लिए ठिकाने, वाहनों के लिए पार्किंग, बैठकों और आयोजनों के वास्ते किफायती जगहों आदि का विकास करने में मददगार हो सकता है। अचल संपत्ति का विकास और शहरीकरण भौतिक ढांचों को तो गति देता ही है, साथ ही ऑनलाइन और ऑफलाइन सेवाओं को भी मदद देता है।

